वर्ष : 34 ▸ अंक : 02 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 9 मार्च, 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




4 बार दोनों आईसीसी के नॉकआउट में भिड़े हैं जिसमें से तीन बार न्यूजीलैंड और एक बार भारत जीता है

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




6 पिछले लगातार मुकाबले टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत चुकी है। वह जनवरी 2023 के बाद से इस प्रतिद्वंद्वी से हारी नहीं है

## ताज पर फैसला आज : टीम इंडिया और न्यूजीलैंड फाइनल में टकराएंगे

▸ धीमी पिच पर स्पिनरों पर होगा जीत दिलाने का दारोमदार

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी का ताज किसके सिर सजेगा रविवार को इसका फैसला होगा। अजेय टीम इंडिया 12 साल बाद इस ट्रॉफी पर कब्जा करने की हसरत के साथ उतरेगी तो न्यूजीलैंड की टीम 25 साल का खिताबी सूखा खत्म करना चाहेगी। दुनिया की नंबर एक टीम भारत और चौथे नंबर के न्यूजीलैंड के बीच दर्शकों को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। पेज 7 पर देखें

# मीडिया में सरकारी घुसपैठ

▸ मुंबई प्रेस क्लब ने महाराष्ट्र सरकार के मीडिया मॉनिटरिंग सेल की आलोचना की

▸ मुख्यमंत्री फडणवीस का जवाब, कहा- हम मीडिया को नियंत्रित नहीं कर रहे



**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा मीडिया मॉनिटरिंग सेल स्थापित करने के फैसले पर मुंबई प्रेस क्लब ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। यह सेल प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल और डिजिटल मीडिया में राज्य सरकार से संबंधित खबरों पर नजर रखेगा। मुंबई प्रेस क्लब ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि 'गलत सूचना और फेक न्यूज रोकने के नाम पर यह कदम मीडिया की स्वतंत्रता को बाधित करने की कोशिश है'। क्लब के अनुसार, इससे सरकारी नीतियों की आलोचना को 'नकारात्मक सूचना' बताकर सेंसर करने का खतरा है।

### 'स्वतंत्र पत्रकारिता पर खतरा'

सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, यह सेल मीडिया में प्रकाशित खबरों को 'सकारात्मक' और 'नकारात्मक' के रूप में वर्गीकृत करेगा। लेकिन मुंबई प्रेस क्लब का कहना है कि 'नकारात्मक खबर' की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं होने से सरकार और उसकी नीतियों की आलोचना को 'गलत सूचना' करार दिया जा सकता है। प्रेस क्लब ने कहा कि इस फैसले से मीडिया को तथाकथित 'नकारात्मक खबरों' से बचने का अप्रत्यक्ष संदेश दिया जा सकता है। यह स्वतंत्र पत्रकारिता की भूमिका में सरकारी दखलंदाजी के समान है, जो प्रेस की स्वतंत्रता के खिलाफ है।

MUMBAI PRESS CLUB

### 'सच और झूठ तय करने का अधिकार सरकार को नहीं'

बयान में आगे कहा गया कि सरकार खुद ही खबरों की सत्यता जांचने की भूमिका निभा रही है, जो हितों के टकराव का बड़ा मुद्दा है। प्रेस क्लब ने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस फैसले का हवाला दिया, जिसमें केंद्र सरकार की 'फैक्ट-चेकिंग यूनिट' (FCU) को रद्द कर दिया गया था, क्योंकि यह स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करता था।

**क्या कहा सीएम फडणवीस ने ? :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य सरकार के सूचना और प्रचार निदेशालय के तहत स्थापित किए जाने वाले मीडिया निगरानी केंद्र को लेकर उठे सवालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि निगरानी केंद्र के जरिए मीडिया को नियंत्रित करने का हमारा कोई इरादा नहीं है। प्रतिक्रिया और स्पष्टीकरण के उद्देश्य से छपने या प्रसारित होने वाली खबरों पर ध्यान देने के लिए इस तंत्र को बनाया जा रहा है। राज्य सरकार के सूचना और प्रचार निदेशालय के तहत स्थापित किए जाने वाले मीडिया निगरानी केंद्र (एमएमसी) को लेकर सरकार पर सवाल उठ रहे हैं। एक प्रस्ताव में कहा गया था कि प्रकाशनों, चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्मों की संख्या बढ़ने के कारण इस तरह का केंद्र बनाने की जरूरत थी।




## समृद्धि एक्सप्रेसवे पर हादसा ; 2 लोगों की मौत, 13 घायल

**मुंबई।** मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे या आधिकारिक तौर पर हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग के रूप में जाना जाने वाला महामार्ग अब मृत्यु मार्ग बन गया है। मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक एसयूवी पलटने के बाद एक अन्य वाहन से हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गए। मामले की जांच कर रही पुलिस ने यह जानकारी दी। सिंधखेड़ राजा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 9 बजे उस समय हुई जब एसयूवी यवतमाल से श्रद्धालुओं को लेकर शिर्डी की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि उसमें 15 लोग सवार थे। बताया गया कि एसयूवी का एक टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पलट गई और इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार ने भी उसमें टक्कर मार दी।

## 'भाजपा से मिले हुए हैं गुजरात में कांग्रेस के नेता'

# राहुल गांधी ने सुनाई खरी-खोटी



- 30-40 को निकालने की चेतावनी
- कांग्रेस नेताओं को चेन से बंधे बब्बर शेर बताया

**डीबीडी संवाददाता । अहमदाबाद**

क्या कांग्रेस में जल्द ही बड़े बदलाव नजर आ सकते हैं? क्या कांग्रेस से जल्द ही कुछ नेताओं को निकाला जा सकता है? क्या गुटबाजी से परेशान कांग्रेस नेतृत्व आने वाले समय में कोई बड़ा एक्शन लेने की सोच रही? ये सवाल उस समय उठे है जब कांग्रेस सांसद और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुजरात दौरे पर अपनी ही पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं को एक तरह से अल्टीमेटम दे दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी में उन कार्यकर्ताओं और नेताओं के पहचान करने की जरूरत है, जो बीजेपी के लिए काम कर रहे। उन्होंने ऐसे कार्यकर्ताओं और नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन राहुल गांधी पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस के भीतर दो गुट नजर आ रहे। आधे लोग बीजेपी के लिए काम कर रहे। ऐसे लोगों को हटाने की सख्त कार्रवाई करनी पड़े तो जरूर किया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने गुजरात की बात करते हुए एक तरह से उन राज्यों के नेताओं को भी सख्त संदेश दे दिया जहां पर गुटबाजी बात अकसर सामने आती रहती है। केरल, कर्नाटक, हरियाणा, एमपी, पंजाब समेत कुछ ऐसे राज्य रहे हैं जहां पार्टी के भीतर झगड़े की बात समय पर कही जाती है।


### पार्टी नेताओं का दे दिया सख्त संदेश

राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि पार्टी का पहला काम कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के दो समूहों को अलग करना है। पहला जो पार्टी की विचारधारा को अपने दिल में रखते हैं और जनता के साथ खड़े हैं और दूसरे जो जनता से कटे हुए हैं। इनमें से आधे बीजेपी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात कांग्रेस में नेतृत्व और कार्यकर्ता स्तर पर दो तरह के लोग हैं। एक वो जो लोगों के प्रति ईमानदार हैं, वे उनके लिए लड़ते हैं, उनका सम्मान करते हैं और उनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। और दूसरे वो हैं, जो लोगों

### राहुल ने बताया कांग्रेस कैसे होगी मजबूत

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस में जिला, ब्लॉक और उच्च स्तर पर नेताओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन वे जंजीरों में जकड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं को, जिनमें मैं भी शामिल हूं, गुजरात के लोगों के बीच जाना होगा, उनकी आवाज सुननी होगी। उन्हें मुझसे क्या उम्मीदें हैं, हम उनके लिए क्या कर सकते हैं - उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए। हम आपकी बात सुनने के लिए यहां हैं।

### मुमताज पटेल का छलका दर्द



राहुल गांधी गुजरात में पार्टी की जड़ें मजबूत करने के मिशन के तहत दो दिनों के गुजरात दौरे पर हैं। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले वे कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कोशिश में जुटे हैं। इस बीच कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल का दर्द छलक पड़ा है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर सवाल खड़े किए।

**मुझे बुलाया तक नहीं गया**

मुमताज पटेल ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता पार्टी कार्यकर्ताओं और छोटे नेताओं का ख्याल नहीं रखते हैं। आप मुझे ही देख लीजिए, आगे बढ़ने ही नहीं दिया रहा। दो दिनों से राहुल गांधी गुजरात में हैं, लेकिन मुझे बुलाया तक नहीं गया। पार्टी में मेरे पास कोई पद नहीं है।

**कांग्रेस में कोई डायरेक्शन देने वाला नहीं**

मुमताज पटेल ने कहा कि गुजरात में इतने सालों से बीजेपी की सरकार है, वहां के हालात ऐसे बन गए हैं कि बिना बीजेपी के साथ कांग्रेस के नेता भी आगे नहीं बढ़ पाते। कांग्रेस के बड़े नेता अगर छोटे नेताओं का ध्यान नही रखेंगे तो वे क्या करेंगे? कांग्रेस में कोई डायरेक्शन देने वाला नहीं है।

## 45 फीसदी तक वृद्धि हुई है क्रिप्टो अपराध से जुड़े मामलों में

# फोरेंसिक जांच से क्रिप्टो के अवैध कारोबार पर रोक लगेगी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



केंद्र सरकार साइबर अपराध से निपटने को लेकर बेहद गंभीर है। इसी दिशा में सरकार क्रिप्टोकरंसी के अवैध लेन-देन पर रोक लगाने को लेकर सख्ती बरतने जा रही है। जांच एजेंसियों को कहा गया है कि वे क्रिप्टो के संदिग्ध लेन-देन के मामलों का फोरेंसिक विश्लेषण करें। तुरंत सभी डेटा और इनपुट संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों से साझा करें, जिससे ऐसे मामलों को रोका जा सके। फोरेंसिक विश्लेषण से पता चला है कि मनी लॉन्ड्रिंग, धोखाधड़ी और रैनसमवेयर भुगतान जैसी अवैध वित्तीय गतिविधियों पर नकेल की मुहिम के बाद से वॉलेट और क्रिप्टो लेन-देन में भारी वृद्धि हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आने वाली राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला के आंकड़ों के अनुसार, 2020 और 2024 के बीच क्रिप्टो से संबंधित फोरेंसिक मामलों में काफी वृद्धि हुई है। 2020 में केवल 11 मामले फोरेंसिक के लिए सामने आए थे जबकि वर्ष 2024 में फोरेंसिक जांच और विश्लेषण से जुड़े मामले बढ़कर 291 मामले हो गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि क्रिप्टोकरंसी फोरेंसिक विश्लेषण जांचकर्ताओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, क्रिप्टो लेन-देन के विश्लेषण में वृद्धि से साफ है कि एजेंसियां वैज्ञानिक तरीकों से साइबर वित्तीय अपराध के नए-नए तरीकों पर नकेल कसने का प्रयास कर रही हैं।

### एक ही क्रिप्टोकरंसी निवेश प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल

एक अधिकारी ने बताया कि कुछ मामलों में यह देखा गया है कि अपराधियों ने एक ही क्रिप्टोकरंसी निवेश प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया और विश्लेषण के दौरान मिले डेटा से वे कानून प्रवर्तन अधिकारियों की जांच के दायरे में आ गए। यह भी पता चला कि जांच के दायरे में आने वाले क्रिप्टो लेन-देन एक निश्चित प्लेटफॉर्म पर किए गए थे। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने संबंधित प्लेटफॉर्म से संपर्क किया, लेकिन उसने करोड़ों के लेन-देन के बावजूद जानकारी नहीं दी। संदेह के आधार पर जांच हुई तो पता चला कि उस प्लेटफॉर्म से एक ही पैटर्न में कई लेन-देन किए गए थे। सूत्रों ने कहा कि लगातार ऐसे मामलों की वृद्धि को देखते हुए एजेंसियों को कहा गया है कि वे संदिग्ध मामलों का फोरेंसिक विश्लेषण करके तुरंत सभी डेटा और इनपुट संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों से साझा करें, जिससे ऐसे मामलों को रोका जा सके।

### 5 .6 बिलियन डॉलर तक नुकसान

क्रिप्टोकरंसी अपराध से जुड़े मामलों में 45 फीसदी तक वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 तक के आंकड़ों के मुताबिक, क्रिप्टो अपराध की वजह से होने वाला नुकसान बढ़कर 5 .6 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर बब्बर खालसा के आतंकी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । नई दिल्ली**



पंजाब पुलिस ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) के आतंकी सचिनदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। वह महाराष्ट्र में हत्या की एक वारदात को अंजाम देकर फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए थाईलैंड भागने की फिराक में था। लेकिन स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (SSOC), मोहाली की टीम ने समय रहते उसे पकड़ लिया। जांच में सामने आया है कि सचिनदीप पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंडा और अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया के संपर्क में था। वह BKI के लिए गुर्गों और शूटरों को रसद, ठिकाने और आर्थिक मदद उपलब्ध कराता था।

### गिरफ्तारी से पहले पकड़े गए थे दो बड़े शूटर

सचिनदीप की गिरफ्तारी से पहले पंजाब पुलिस ने उसके दो साथियों—जगदीश सिंह उर्फ जग्गा और शुभदीप सिंह उर्फ शुभ को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, मोहाली में एक एनकाउंटर के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर मलकियत उर्फ मैक्सी को भी पकड़ा गया। उसे हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान गोली लगी थी, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। मैक्सी, विदेश में बैठे आतंकवादी गोल्डी बरार और गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के लिए जबरन वसूली का नेटवर्क चला रहा था।

# विकसित भारत के लिए महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण: फडणवीस

**धीरज सिंह । मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के योगदान के बिना देश का विकास संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की संख्या 2029 तक 33% तक हो जाएगी। उन्होंने सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा फुले, पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर और राजमाता जिजाऊ जैसी ऐतिहासिक महिलाओं के योगदान को याद किया और कहा कि उनके विचारों को अपनाकर सर्वांगीण विकास हासिल किया जा सकता है।



### सीएम फडणवीस का तोहफा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र सरकार ने फरवरी 2025 और मार्च 2025 महीने की किस्तों को एक साथ जारी करने का निर्णय लिया है। इससे लाभार्थी महिलाओं के खातों में कुल 3,000 रुपये (दोनों महीनों के लिए 1,500 रुपये प्रति माह) जमा किए जाना शुरू हो गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी की महिला केंद्रित योजनाओं का जिक्र

फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'लखपति दीदी' जैसी योजनाएं शुरू कर महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा दिया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है, जिससे बाल विवाह पर रोक लगी है और लिंग भेदभाव व शिशु हत्या के मामलों में कमी आई है।

### मुख्यमंत्री माझी लाडली बहन योजना का विस्तार

उन्होंने बताया कि 'माझी लाडली बहन योजना' के लाभार्थियों द्वारा शुरू की गई क्रेडिट सोसाइटियों का विस्तार कर उद्योग जगत में महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, राज्य मंत्री मेघना बोर्डीकर, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और विभागीय सचिव डॉ. अनूप कुमार यादव उपस्थित रहे।

# सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालेगा रोबोट

**डीबीडी संवाददाता । नागरकुर्नूल**

तेलंगाना सुरंग हादसे में बचाव अभियान में अब रोबोट का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने अधिकारियों को आंशिक रूप से ध्वस्त श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग के अंदर बचाव अभियान में रोबोट की मदद लेने का निर्देश दिया है। दरअसल, क्षतिग्रस्त सुरंग बोरिंग मशीन के टुकड़े बचावकर्मियों के लिए खतरा बन रहे हैं, जिसके कारण सिंचाई मंत्री ने ये निर्देश दिए। सुरंग का एक हिस्सा ढहने के बाद 22 फरवरी से 8 लोग इसमें फंसे हुए हैं। रेड्डी ने सुरंग स्थल का दौरा किया और विभिन्न संगठनों के अधिकारियों के साथ चल रहे बचाव अभियान की समीक्षा की।



### सीएम फिर से मौके का करेंगे दौरा

आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि विशाल टीबीएम के टुकड़े सुरंग के अंदर पानी, मिट्टी और पत्थरों में मिल गए हैं। इसलिए वे बचाव दल के लिए खतरा बन गए हैं। बता दें, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने 2 मार्च को सुरंग का दौरा किया था। उन्होंने बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों को सुझाव दिया था कि यदि आवश्यक हो तो सुरंग के अंदर रोबोट का उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि बचावकर्मियों को कोई खतरा न हो।

# व्यक्ति से 47 लाख रुपये की ठगी

**शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने दिया धोखा**



**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक 66 वर्षीय व्यक्ति को शेयर ट्रेडिंग में निवेश का लालच देकर 47 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपी एक व्हाट्सएप ग्रुप और एक ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग एप्लीकेशन का हिस्सा थे। उन्होंने पीड़ित से संपर्क कर आकर्षक रिटर्न का वादा किया और ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए प्रेरित किया।

### तीन महीनों में ठगी का शिकार बने पीड़ित

पीड़ित व्यक्ति ने दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच विभिन्न बैंक खातों में कुल 47,01,652 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया। जब उसे कोई रिटर्न नहीं मिला, तो उसे एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुका है और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। ठगी के इस मामले में पुलिस ने गुरुवार को तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी महाराष्ट्र में एक पैथोलॉजी लैब के मालिक से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया था।

## बस डिपो की बदहाल सुविधाएं

# केवल एक सुरक्षा गार्ड के भरोसे सैकड़ों यात्री!



**सुरेश चौहान | उल्हासनगर**

विट्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास स्थित विट्ठलवाड़ी बस डिपो लगभग साढ़े तीन से चार एकड़ में फैला हुआ है। यहां से कल्याण और विट्ठलवाड़ी डिपो की बसें संचालित होती हैं, जिससे बसों की संख्या बढ़ गई है। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे डिपो की सुरक्षा के लिए एक शिफ्ट में केवल एक निजी सुरक्षा गार्ड ही तैनात रहता है, जिससे यात्रियों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

### बसों और कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी

विट्ठलवाड़ी बस डिपो से रोजाना 44 बसें और कल्याण डिपो से 34 बसें संचालित होती हैं। सुबह 4:30 बजे से मध्यरात्रि तक बसें चलती रहती हैं, जिससे यहां यात्रियों और कर्मचारियों की आवाजाही बनी रहती है। दोनों डिपो, सीएनजी पंप और वर्कशॉप में करीब 500 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें महिलाओं की भी अच्छी-खासी संख्या है।




### यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा दांव पर

**बस डिपो की बदहाल सुविधाएं**

- शौचालयों की स्थिति दयनीय
- बस प्लेटफार्म छोटे और जीर्ण-शीर्ण
- लाइटें और पंखे काम नहीं कर रहे
- पीने के पानी की सुविधा नहीं
- आरक्षण कार्यालय के सामने बैठने की कोई व्यवस्था नहीं
- यात्रियों, चालकों और कंडक्टरों के कार्यालय सिर्फ टिन शेड के रूप में

### झुग्गी-झोपड़ीवासियों का अतिक्रमण और गंदगी

बस डिपो के चारों ओर की सुरक्षा दीवारें स्थानीय झुग्गीवासियों द्वारा तोड़ दी गई हैं और वे यहां कूड़ा-कचरा फेंकते हैं, जिससे डिपो कूड़ाघर में तब्दील हो गया है। बस डिपो के पीछे एक बड़ा नाला है, जहां कोई सुरक्षा दीवार नहीं है, जिससे बरसात के दिनों में पानी भर जाता है।

### अपराधियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा

डिपो के कर्मचारियों और यात्रियों ने शिकायत की है कि यहां शराबी और मनचले सक्रिय रहते हैं। झाड़ियों और अंधेरे का फायदा उठाकर ये लोग उत्पात मचाते हैं, जिससे महिला यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा खतरे में रहती है। विट्ठलवाड़ी बस डिपो के मैनेजर जे.डी. गावड़े ने कहा कि उन्होंने अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड की मांग की है। कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन से पुलिसकर्मी कभी-कभार गश्त करते हैं, लेकिन यहां कम से कम 10 सुरक्षा गार्डों की आवश्यकता है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भी लिखा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय नागरिकों और बस डिपो के कर्मचारियों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करे, ताकि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# तालुका कांग्रेस अध्यक्ष विजय पाटिल ने कांग्रेस छोड़ी

**राकांपा में हुए शामिल, बनाया गया भिवंडी तालुका अध्यक्ष**



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी तालुका ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष विजय पाटिल ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मुंबई में एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे की उपस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सदस्यता ग्रहण की।

> राकांपा, उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रही है। पार्टी में आम कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है, इसलिए मैंने यह फैसला लिया।
> विजय पाटिल

### मुंबई में हुआ पार्टी प्रवेश समारोह

मुंबई स्थित एनसीपी भवन में आयोजित इस प्रवेश समारोह में प्रदेश महासचिव प्रमोद हिंदूराव, युवा अध्यक्ष सूरज चव्हाण, विधायक दौलत दरोडा और जिला अध्यक्ष भरत घंगारी समेत कई पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस छोड़ने का कारण बताया

विजय पाटिल ने कांग्रेस छोड़ने के पीछे संगठन में कार्यकर्ताओं की अनदेखी को मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा, "जब मैं कांग्रेस में था, तब पार्टी के ग्रामीण विकास के लिए लगातार काम किया, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की, जिससे संगठन कमजोर हो गया।"

# दो सीमेंट मिक्सर ट्रकों की टक्कर

**पांच वाहन क्षतिग्रस्त, छह लोग घायल**




**दोपहर संवाददाता | कल्याण**

पुणे लिंक रोड स्थित संतोषी माता मंदिर के पास शनिवार सुबह करीब 10:15 बजे दो सीमेंट मिक्सर ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन रिक्शे और एक टेंपो सहित कुल पांच वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए दुर्घटना में छह लोग घायल हुए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की सूचना मिलते ही कोलसेवाड़ी पुलिस, यातायात पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचे। समाजसेवक नीलेश शिंदे, भरत जाधव और हर्षवर्धन सालवी ने भी स्थिति को नियंत्रित करने में सहयोग किया।

### लंबा ट्रैफिक जाम, दो घंटे बाद स्थिति सामान्य

हादसे के बाद विजय नगर से नितिनराज बार तक लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। कोलसेवाड़ी पुलिस ने तुरंत क्रेन मंगवाकर डिवाइडर और अन्य स्थानों पर फंसे वाहनों को हटाना शुरू किया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य हुई। प्रशासन ने जाम में फंसे वाहनों को सुरक्षित निकालकर गंतव्य की ओर रवाना किया। फिलहाल, कोलसेवाड़ी पुलिस इस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। हादसे के पीछे लापरवाही, तेज रफ्तार या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है।

# महिलाओं के विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही: राज्यपाल

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की वित्तीय सहायता योजनाओं के तहत महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उद्यमी बन रही हैं, जिससे आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। राज्यपाल राजभवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिवार के साथ-साथ देश के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है और आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय के अनुसार, अब महिलाओं को रक्षा विभाग की तीनों सेनाओं (थल, जल और वायु सेना) में काम करने का अवसर मिला है।

> 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम में राज्यपाल का संबोधन

## मीरा-भायंदर को मिला स्वतंत्र न्यायालय भवन

# न्यायमूर्ति अभय ओक ने किया उद्घाटन

**दोपहर संवाददाता | मीरा-भायंदर**

लंबे इंतजार के बाद मीरा-भायंदर के नागरिकों को आखिरकार स्वतंत्र न्यायालय भवन मिल गया। अब यहां के लोगों को छोटे-मोटे मामलों के लिए ठाणे कोर्ट जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के न्यायमूर्ति अभय ओक ने न्यायालय भवन का

### 11 वर्षों बाद पूरा हुआ सपना

गौरतलब है कि 2013 में न्यायालय भवन के निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी, जो दो वर्ष पूर्व ही पूरा हो चुका था। लेकिन विभिन्न कारणों से उद्घाटन में देरी होती रही। आखिरकार 8 मार्च, 2025 को यह ऐतिहासिक दिन आया, जब मीरा-भायंदर को अपना स्वतंत्र न्यायालय मिला।

### पहले न्यायाधीश के रूप में एस. एस. जाधव की नियुक्ति

मीरा-भायंदर न्यायालय में प्रथम न्यायाधीश के रूप में एस. एस. जाधव को नियुक्त किया गया है। उन्हें दीवानी न्यायाधीश कनिष्ठ स्तर एवं न्याय दंडाधिकारी प्रथम वर्ग के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।



> मीरा-भायंदर के नागरिकों को नए न्यायालय भवन की सौगात मिलने पर बधाई। सभी अधिवक्ताओं को आपसी सामंजस्य बनाकर जनता को न्याय दिलाने के लिए कार्य करना चाहिए। न्यायालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है।
> न्यायमूर्ति अभय ओक

### अवैध बैनर-पोस्टर पर जताई नाराजगी

न्यायमूर्ति ओक ने शहर में लगे अवैध बैनर-पोस्टरों पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि न्यायालय के उद्घाटन पर शहर में लगे बैनर-पोस्टर देखकर मुझे खुशी हुई, लेकिन यह जानकर दुख भी हुआ कि ये बैनर-पोस्टर अवैध रूप से लगाए गए हैं। मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, मनपा द्वारा स्वीकृत बैनर-पोस्टरों पर परवाना क्रमांक (लाइसेंस नंबर) अंकित होना चाहिए।

# फ्लाईओवर की समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

राजीव गांधी फ्लाईओवर ब्रिज पर अवैध केबल कनेक्शन हटाने, बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू करने और स्पीड ब्रेकर पर जेब्रा पट्टी लगाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता जाहिद मुख्तार शेख ने भिवंडी निज़ामपुर महानगरपालिका (BNCMC) मुख्यालय के सामने एक दिवसीय धरना आंदोलन किया।

### मनपा आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के दौरान शेख जाहिद मुख्तार ने भिवंडी मनपा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर राजीव गांधी फ्लाईओवर और अन्य पुलों से अवैध केबल हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि लटकती केबलें दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं, जिससे लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है।

### फ्लाईओवर पर दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाया

शेख ने बताया कि हाल ही में दो बच्चों की मौत फ्लाईओवर पर लगे अवैध केबल में फंसने से हुई थी। लेकिन पुलिस ने केवल मृत बच्चों के खिलाफ ही मामला दर्ज किया, जबकि अवैध केबल लगाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने असली दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

> अवैध केबल हटाने और स्पीड ब्रेकर पर जेब्रा पट्टी लगाने की मांग



### अंधेरे और अव्यवस्थित ब्रेकरों से बढ़ रही दुर्घटनाएं

शेख ने अपनी मांगों में कहा कि फ्लाईओवर की स्ट्रीट लाइट बंद होने से रात में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए लाइटें जल्द से जल्द चालू कराई जाएं। इसके अलावा, नए स्पीड ब्रेकरों पर जेब्रा पट्टी या संकेतक न होने से हादसे हो रहे हैं, इसलिए प्रत्येक ब्रेकर पर उचित संकेतक लगाए जाएं। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि अगर जल्द से जल्द इन मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से जनहित में तत्काल कदम उठाने की अपील की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला मेला का आयोजन

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के ठाणे जिला महिला प्रभाग द्वारा शहाड स्टेशन (प.) स्थित स्वास्तिक हॉल में भव्य महिला सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में समाज की अग्रणी महिलाओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विचार साझा किए।

### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव सुषमाताई पवार, बीएच गायकवाड़ (केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग प्रमुख), औड एसएस वानखेड़े, सुप्रियाताई कसारे (केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग उप प्रमुख), महाराष्ट्र राज्य महिला अध्यक्ष स्वातिताई शिंदे, मुंबई क्षेत्र अध्यक्ष चंदताई कासले, सचिव भारतीताई शिराला, अविधाताई वाघमारे, ठाणे जिला अध्यक्ष विजय गायकवाड़ सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में मार्गदर्शन किया।




# ठाणे मनपा परिवहन में कार्यरत महिला स्वप्नगंधा घाटे का दिल्ली में सम्मान

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

**मनपा परिवहन विभाग में कांट्रेक्ट पर कार्यरत महिला कर्मी स्वप्नगंधा घाटे को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए ASRTU (नई दिल्ली) संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के हाथों प्रदान किया गया।**

### साल 2020 से परिवहन सेवा में कार्यरत

स्वप्नगंधा स्वप्नील घाटे (38 वर्ष) वर्ष 2020 से मे. अपूर्वा महिला सामाजिक संस्था के माध्यम से ठाणे मनपा परिवहन सेवा में कार्यरत हैं। अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली के कारण उन्होंने यह सम्मान प्राप्त किया।

### मनपा आयुक्त ने दी बधाई

स्वप्नगंधा घाटे के सराहनीय कार्य की मनपा आयुक्त सौरभ राव ने भी सराहना की और उन्हें बधाई दी। उनके इस सम्मान से परिवहन सेवा में कार्यरत अन्य महिला कर्मियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# महाराष्ट्र में रेस्त्रां में हो मराठी मेनू : यूबीटी

**मुंबई कलेक्टर को पत्र लिखकर की गई मांग**

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार नए मुद्दों को लेकर विवाद बना रहता है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारी कृष्ण पावले ने मुंबई कलेक्टर को पत्र लिखकर राज्य के सभी रेस्त्रां और भोजनालयों में मेनू कार्ड मराठी में अनिवार्य करने की मांग की है। पावले का कहना है कि अन्य राज्यों में रेस्त्रां और भोजनालय अपनी मेनू सूची में स्थानीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र में ऐसा नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नियम नहीं होना चाहिए, बल्कि मराठी भाषा का सम्मान भी होना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने आगे कहा कि यदि सरकार ऐसा निर्देश जारी नहीं करती है।

### आरएसएस नेता भैयाजी जोशी की टिप्पणी के बाद उठा मुद्दा

गौरतलब है कि शिवसेना (यूबीटी) द्वारा यह मांग आरएसएस के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी की टिप्पणी के बाद उठाई गई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुंबई आने वाले किसी भी व्यक्ति को मराठी सीखने की आवश्यकता नहीं है। इस बयान के बाद यह मुद्दा अब राजनीतिक रूप ले चुका है।

# मीरा-भायंदर में हाई-स्पीड कनेक्टिविटी से शहरी परिवहन को नई रफ्तार

**दीपक पवार | मुंबई**

मीरा-भायंदर की परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने के उद्देश्य से मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दूरदर्शी सोच और उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में डबल डेकर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया गया। इस परियोजना का संचालन एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका उद्देश्य यातायात भीड़ को कम करना, कनेक्टिविटी में सुधार लाना और शहरी परिवहन को नए मानक देना है।

### मेट्रो लाइन 9 का अभिन्न हिस्सा

यह डबल-डेकर फ्लाईओवर मीरा-भायंदर की मेट्रो लाइन 9 का महत्वपूर्ण भाग है, जो साईंबाबा नगर मेट्रो स्टेशन से शिवर गार्डन तक फैला हुआ है। इसकी खासियत यह है कि यह एक ही साझा घाट (पिलर) पर निर्मित किया गया है, जिससे मेट्रो और सड़क बुनियादी ढांचे का एकीकरण सुगम हो गया है।



> डबल डेकर फ्लाईओवर के उद्घाटन से यातायात होगा सुगम

### फ्लाईओवर के उद्घाटन में उपस्थित प्रमुख हस्तियां

इस आधुनिक फ्लाईओवर के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए अध्यक्ष एकनाथ शिंदे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, महामुंबई मेट्रो की चेयरपर्सन रूबल अग्रवाल, और मीरा-भायंदर महानगरपालिका के आयुक्त राधाबिनोद शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 'महिलाओं को अपने पर्स में लिपस्टिक के साथ मिर्च पाउडर और चाकू भी रखना चाहिए'

## शिंदे गुट के मंत्री गुलाबराव पाटिल की अजब सलाह

**मुंबई/जलगांव।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर पूरे महाराष्ट्र में उत्साह है। महिला दिवस के अवसर पर राज्य भर के कई शहरों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जलगांव में भी इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मंत्री गुलाबराव पाटिल ने अपने भाषण में शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि महिलाओं को लिपस्टिक के साथ-साथ अपने पर्स में मिर्च पाउडर और चाकू भी रखना चाहिए। दरअसल प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसी घटनाएं पूरे राज्य को अशांत बना रही हैं। इन घटनाओं के मद्देनजर गुलाबराव पाटिल ने महिलाओं को अपने पर्स में मिर्च पाउडर और चाकू रखने की सलाह दी है।



### ये भी की अपील

इस अवसर पर गुलाबराव पाटिल ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना पुरुषों के लिए किसी भी प्रगति का मार्ग प्रशस्त नहीं होता। चाहे वह सावित्रीबाई फुले हों या जीजाऊ, हमने उनकी जीवन गाथा देखी है और अगर आज हम उनके जैसा थोड़ा भी अपने जीवन में लागू करते हैं, तो यह देश के लिए बहुत बड़ा काम होगा।

### गुलाबराव पाटिल ने क्या कहा?

गुलाबराव पाटिल ने कहा कि आज हम देखते हैं कि इस सरकार ने महिलाओं के लिए जो योजनाएं लागू की हैं। उनमें स्वयं सहायता समूह, एसटी के लिए हाफ टिकट, लड़कियों के लिए मुफ़्त शिक्षा, लाडकी बहिन योजना शामिल हैं। यह सब करते हुए अब महिलाओं को भी आगे आने की जरूरत है। आपको वही ढाल, वही तलवार और वही जिम्मेदारी उठानी होगी। मुझे आपमें बकरी नहीं, शेरनी दिखाई देती है। महिलाओं के बीच ऐसी छवि बननी चाहिए।

### बालासाहेब ठाकरे की बात का जिक्र

गुलाबराव पाटिल ने अपील की कि महिला सशक्तिकरण के लिए हम चाहे जितना भी प्रयास करें। राज्य में कुछ गंदी घटनाएं घटित हो रही हैं। इसके लिए शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने स्वयं कहा था कि महिलाओं को लिपस्टिक के साथ-साथ अपने पर्स में मिर्च पाउडर और रामपुरी चाकू रखना चाहिए। उस समय पत्रकारों और अन्य लोगों ने इसकी कड़ी आलोचना की थी। लेकिन आज वही समय आ गया है। मेरी भी हमारी युवा लड़कियों से यही विनती है। हमें इस तरह से व्यवहार करने की जरूरत है कि आप एक ऐसी महिला न बनें जो आत्मरक्षा करने में असमर्थ हो। बल्कि एक ऐसी महिला बनें जो संघर्ष करती हो। गुलाबराव पाटिल ने यह भी कहा कि हम हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि महिलाएं पुरुषों के साथ आगे आएं।

### गुलाबराव पाटिल ने और क्या कहा?

गुलाबराव पाटिल ने कहा कि मैं आप सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। यह कवि बहिणाबाई का जिला है। हम सभी जानते हैं कि महिला दिवस मनाने में महाराष्ट्र राज्य की बड़ी भूमिका होती है। जैसा कि हम जानते हैं। हमारे जिले की प्रतिभा पाटिल को देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। गुलाबराव पाटिल ने अपने भाषण में कहा कि आज हम देखते हैं कि सरकार महिलाओं के लिए सशक्तिकरण पहल लागू कर रही है। अगर हम राज्य और देश को देखें, तो हम देश में एकमात्र राज्य हैं, जिसने लड़कियों के लिए शिक्षा मुफ्त करने का क्रांतिकारी निर्णय लिया है।

# डॉक्टर को छह महीने की सजा

## गुजारा भत्ता देने से किया था इनकार

## कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर बॉम्बे हाई कोर्ट का सख्त फैसला

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुजारा भत्ता देने से इनकार करने पर एक डॉक्टर को छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। डॉक्टर ने अदालत के आदेश के बावजूद अपनी पत्नी और दो बेटियों को भरण-पोषण नहीं दिया, जिससे अदालत की अवमानना का मामला बना।

### अदालत की कड़ी टिप्पणी



न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और अद्वैत सेठना की खंडपीठ ने डॉक्टर के रवैये की कड़ी आलोचना की और कहा कि वह कानून का सम्मान नहीं करता। अदालत ने टिप्पणी की कि डॉक्टर ने जानबूझकर अपनी पत्नी और बच्चों के कल्याण की उपेक्षा की। वह हर संभव तरीके से अदालत के आदेशों का पालन करने से बचता रहा। छह साल से परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ा, इसलिए उसके प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जा सकती। सुनवाई के दौरान डॉक्टर अदालत में मौजूद थे, इसलिए हाई कोर्ट ने उन्हें तुरंत पुलिस हिरासत में लेने का आदेश दिया।

### 2009 से चल रहा विवाद, हाई कोर्ट ने 2019 में दिया था भत्ता देने का आदेश

डॉक्टर और उनकी पत्नी की शादी 2002 में हुई थी, लेकिन 2009 से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। 2015 में पारिवारिक न्यायालय ने डॉक्टर की तलाक याचिका खारिज कर दी। 2019 में हाई कोर्ट ने डॉक्टर को अपनी पत्नी और दो बेटियों को हर महीने 35,000 रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। डॉक्टर ने बार-बार इस आदेश का पालन करने से इनकार किया, जिसके बाद पत्नी ने जुलाई 2019 में अवमानना याचिका दायर की। डॉक्टर ने सुप्रीम कोर्ट तक अपील और समीक्षा याचिकाएं दायर कीं, लेकिन सभी खारिज कर दी गईं।

### कोर्ट ने कहा – कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी से भागना बर्दाश्त नहीं

अदालत ने कहा कि डॉक्टर अपनी कानूनी और नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा करने से बचने की कोशिश कर रहा था। इसलिए, अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए उसे छह महीने की जेल की सजा सुनाई।

# उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना को बड़ा झटका

## 250 कार्यकर्ताओं ने उद्धव ठाकरे की उपस्थिति में भारतीय कामगार सेना में फिर हुए शामिल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को करारा झटका लगा है। पार्टी की राष्ट्रीय कर्मचारी सेना के 250 कार्यकर्ताओं ने शिंदे का साथ छोड़ दिया और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) में फिर से शामिल हो गए।



### छह महीने पहले छोड़ी थी भारतीय कामगार सेना

मुंबई के पंचसितारा कोर्टयाड होटल के 250 कर्मचारियों ने छह महीने पहले उद्धव ठाकरे की भारतीय कामगार सेना छोड़कर शिंदे की राष्ट्रीय कर्मचारी सेना में प्रवेश किया था। लेकिन जल्द ही उन्हें निराशा हाथ लगी।

### शिकायतों पर नहीं दिया गया ध्यान

शैलेश परब और रूपेश कदम के नेतृत्व में 250 कर्मचारियों ने उद्धव ठाकरे की उपस्थिति में फिर से भारतीय कामगार सेना का दामन थाम लिया। इस मौके पर पार्टी नेता विनायक राऊत भी मौजूद रहे। कर्मचारियों का आरोप है कि शिंदे गुट में उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा था। इसी कारण उन्होंने फिर से उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) में वापसी करने का फैसला किया।

**पश्चिम रेलवे**

**इंजीनियरिंग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 **निविदा सूचना बीसीटी/24-25/304 दिनांक 06.03.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का स्थान:** चर्चगेट से खार रोडः- मुंबई शहर कलेक्टरेट के अंतर्गत कोलाबा से माहिम तक रेलवे के पक्ष में भूमि के म्यूटेशन सहित रेलवे भूमि योजनाओं का अद्यतन, मिलान, प्रमाणन और कम्प्यूटरीकरण। **कार्य की अनुमानित लागतः** 25,42,065.68 **ईएमडीः** 50,900/- **जमा करने की तिथि और समयः** 01.04.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 01.04.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1159

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक NIT/01/25/11 दिनांक 06-मार्च-2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं :

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 71245080A | 50/15 क्षमता की इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग 9 EOT0 क्रेन का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति | 02 नग | 01-अप्रैल-25 |
| 2 | 38252299 | मिरर असेंबली | 5812 नग | 25-मार्च-25 |
| 3 | 5124T-4218 | 6 मिमी मोटी नायलॉन, कॉर्ड प्रबलित नालीदार रबर सोल प्लेट 1 इन 12, 60 किलोग्राम टर्नआउट का विनिर्माण और आपूर्ति आरडीएसओ ड्राइंग नं. आरटी 4218 के लिए | 1200 सेट | 25-मार्च-25 |
| 4 | 5124T-4865 | 6 मिमी मोटी नायलॉन कॉर्ड प्रबलित नालीदार रबर सोल प्लेट 1 इन 8.5, 60 किलोग्राम टर्नआउट का विनिर्माण और आपूर्ति आरडीएसओ ड्राइंग नं. आरटी 4865 के लिए | 2282 नग | 25-मार्च-25 |

नोट : उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं है और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलिया IREPS वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

Apex-830

**कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

**खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है**

# लाडली बहना योजना एक धोखा है : संजय राउत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि हुई है। संजय राउत ने इसके लिए सरकार की कड़ी आलोचना की है। संजय राउत ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। आज प्रधानमंत्री ने दिल्ली में महिलाओं के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया। यानी हम निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देते हैं जो यह बताते हैं कि हम महिलाओं के रक्षक हैं। हम महिलाओं की देखभाल करते हैं। लेकिन अगर हम पिछले कुछ महीनों में महाराष्ट्र की स्थिति पर नजर डालें तो राज्य में होने वाले अत्याचार देश में सबसे ज्यादा हैं।

### राउत ने क्या कहा?



संजय राउत ने आगे कहा कि इसमें मंत्री शामिल हैं। सरकारी दल के लोग शामिल हैं। पुलिस पर दबाव है। मैंने आपको लाडली बहना योजना के तहत पंद्रह सौ रुपये दिये थे। इसका मतलब है कि महिलाएं सुरक्षित हैं और हम महिलाओं के रक्षक हैं। अगर सरकार इस भूमिका में है, तो यह सरकार पूरे महाराष्ट्र और महिला समुदाय को धोखा दे रही है। उनके चुनाव जीतने के बाद हमने यह भी देखा कि लाडली बहना योजना कितनी भ्रामक है।

### लाडली बहनों को 2,100 रुपये देने के वादे पर हमला

राउत ने कहा कि सरकार लाडली बहनों को 2,100 रुपये देने जा रही थी। संबंधित विभागों की मंत्री भी महिलाएं हैं। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है। इस पर राउत ने कहा कि यह महिलाओं के साथ धोखा होगा। संजय राउत ने यह भी कहा कि लाडली बहना योजना शुरू होने के बाद से बुजुर्ग कलाकारों को मानदेय नहीं मिल रहा है। संजय राउत ने भी यह सवाल उठाया। राउत ने आगे कहा कि महाराष्ट्र कृषि क्षेत्र में आगे है। सरकार को इसका श्रेय नहीं लेना चाहिए। इसका श्रेय किसानों को दिया जाना चाहिए। आत्महत्या और कर्ज को पीछे छोड़कर किसानों ने खुद को कृषि क्षेत्र के लिए समर्पित कर दिया। हम औद्योगिक क्षेत्र में पिछड़ रहे हैं। इसका कारण यह है कि महाराष्ट्र का उद्योग देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे की आंखों के सामने विदेश चला गया।

**पश्चिम रेलवे**

**गति शक्ति मल्टी-मॉडल का विकास**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), मुंबई सेंट्रल डिवीजन पश्चिम रेलवे डीआरएम कार्यालय, ग्राउंड फ्लोर मुंबई सेंट्रल-400008 **ई-टेंडर संख्याः WR-MMCT0COMM (CGGC)/3/2023/554447 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** भिलाड में जीसीटी नीति के तहत गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का विकास, जो पूरी तरह से रेलवे की जमीन पर होगा। **बयाना राशिः** 3,40,59,800/- **ई-टेंडर बंद करने और जमा करने की तिथि और समयः** 31.03.2025, 15.00 बजे तक। **ई-टेंडर खोलने की तिथि और समयः** 31.03.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1163

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**NOTICE INVITING TENDER CPD/142 -2024-25**

Tenders are invited through e-Tendering in SRM Two Bid system from the registered vendors for Supply of following:

| Tender No. & Description of Material | Estimated Amount (in Rs. Lakhs.) / Tender Fee (in Rs.) | Due Date & Time (Hrs.) Submission & Opening of Tender |
|---|---|---|
| SP/T-0707/0325 [RFX No.5000001367] [2nd Call] Hiring of Agency for AMC of MAHATRANSCO public website for a period of 5 years. | 23.07 / 500 | 17.03.2025 17:30 / 17.03.2025 17:35 |
| Last date and time for submission of request for amendment/ clarification in the tender | On or before 10.03.2025 | |

Contact Person: Office of the Executive Engineer (P&C) Tel.No.022-69852720/022-69852717
Cell.No.09619469933
**Email:cecpa@mahatransco.in, secpa@mahatransco.in, eegrp8@mahatransco.in, eepc@mahatransco.in;cgmit@mahatransco.in**
For further details visit our website **http://www.srmetender.mahatransco.in**
Any further amendments will be published on the MSETCL website www.mahatransco.in. So bidders are requested to check the website.

**Sd/-**
**Executive Engineer (P&C)**

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

जा.क्र. SRA/CO/OW/सन २०२५/3861
जा.क्र. SRA/CO/OW/सन २०२५/3860
जा.क्र. SRA/CO/OW/सन २०२५/3862
दिनांक : ०७/०३/२०२५

**- : विशेष सर्वसाधारण सभेची नोटीस : -**

**नियो. श्री सिध्दीविनायक रहिवाशी संघ एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, नियो. त्रिमुर्ती रहिवाशी संघ एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था व नियो. सिध्दीविनायक रहिवाशी संघ एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भू.क्र. ३५१ (भाग), ३/३५१ (भाग), ३५३, मौजे-माटुंगा विभाग, एस. एम. डी. रोड, अन्टोप हिल, वडाळा (पूर्व), मुंबई ४०० ०३७** या संस्थेचा प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार प्रस्ताव सहकार विभाग, मुंबई शहर या विभागास प्राप्त झालेला आहे. सदर प्रस्तावाच्या अनुषंगाने विशेष सर्वसाधारण सभा आयोजित करण्यासाठी मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, मुंबई शहर, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यांनी दि. ०५/०३/२०२५ रोजीच्या पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती केलेली आहे.

त्यास अनुसरुन प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार सदर संस्थेची विशेष सर्वसाधारण सभा **शनिवार, दि. २२/०३/२०२५ रोजी सकाळी 12.3० वा. स्थळ समाज मंदिर हॉल, सरदार नगर नं. १, सायन-कोळीवाडा, मुंबई- ४०० ०२२** येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. सदर सभेस संस्थेच्या प्रारुप परिशिष्ट-२ मध्ये समाविष्ट झोपडीधारकांनीच आवश्यक त्या ओळखपत्रासह उपस्थित राहावे.

**- : सभेपुढील विषय : -**

०१. नियोजित संस्थेचे मुख्य प्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.
०२. नियोजित संस्थेचे नवीन विकासक व वास्तुविशारद यांची निवड करणे,

दिनांक :- ०७/०३/२०२५
ठिकाण :- बृहन्मुंबई

हस्ता/-
(विरधवल जाधव)
प्राधिकृत अधिकारी तथा,
सहकारी अधिकारी, श्रेणी-२
झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई

सुचना :-
१. सभेस संस्थेच्या प्रारुप परिशिष्ट-२ मध्ये समाविष्ट झोपडीधारक पती/पत्नी या दोघांपैकी एकाच व्यक्तीस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
२. प्रारुप परिशिष्ट-२ मध्ये समाविष्ट व्यक्तीनी स्वतःची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड/पॅन कार्ड अथवा निवडणूक ओळखपत्र, इत्यादी) उपस्थित रहावे,
३. संस्थेच्या सभासदांना सभागृहात प्रवेश देतेवेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थित नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमेट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
४. सभेच्या कामकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रिकरण करण्यात येईल.

प्रति,
1. श्री/श्रीमती................................परि.-2 क्रमांक................................................
2) नियो. श्री सिध्दीविनायक रहिवाशी संघ एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भू.क्र. ३५१ (भाग), ३/३५१ (भाग), ३५३, मौजे-माटुंगा विभाग, एस. एम. डी. रोड, ॲन्टोप हिल, वडाळा (पूर्व), मुंबई ४०० ०३७.
3) नियो. त्रिमुर्ती रहिवाशी संघ एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भू.क्र. ३५१ (भाग), ३/३५१ (भाग), ३५३, मौजे-माटुंगा विभाग, एस. एम. डी. रोड, ॲन्टोप हिल, वडाळा (पूर्व), मुंबई ४०० ०३७.
4. नियो. सिध्दीविनायक रहिवाशी संघ एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भू.क्र. ३५१ (भाग), ३/३५१ (भाग), ३५३, मौजे-माटुंगा विभाग, एस. एम. डी. रोड, ॲन्टोप हिल, वडाळा (पूर्व), मुंबई ४०० ०३७.
5. संस्थेच्या नोटीस बोर्डावर माहितीसाठी

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

जा.क्र.SRA/CO/OW/२०२५/3857
जा.क्र.SRA/CO/OW/२०२५/3855
दिनांक : ०७/०३/२०२५

**- : विशेष सर्वसाधारण सभेची नोटीस : -**

**नियो. श्री अष्टविनायक एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, व नियो. सिध्दीविनायक रहिवाशी संघ एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भू.क्र. ३५१ (भाग), ३/३५१ (भाग), ३५४ (भाग), ३५५ (भाग) मौजे-माटुंगा विभाग, वालचंद बंगला, शेख मिस्त्री रोड, अन्टोप हिल, वडाळा (पूर्व), मुंबई ३७** या संस्थेचा प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार प्रस्ताव सहकार विभाग, मुंबई शहर या विभागास प्राप्त झालेला आहे. सदर प्रस्तावाच्या अनुषंगाने विशेष सर्वसाधारण सभा आयोजित करण्यासाठी मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, मुंबई शहर, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यांनी दि. ०५/०३/२०२५ रोजीच्या पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती केलेली आहे.

त्यास अनुसरुन प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार सदर संस्थेची विशेष सर्वसाधारण सभा **शनिवार, दि. २२/०३/२०२५ रोजी सकाळी १०.०० वा. स्थळ समाज मंदिर हॉल, सरदार नगर नं. १, सायन-कोळीवाडा, मुंबई- ४०० ०२२** येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. सदर सभेस संस्थेच्या प्रारुप परिशिष्ट-२ मध्ये समाविष्ट झोपडीधारकांनीच आवश्यक त्या ओळखपत्रासह उपस्थित राहावे.

**- : सभेपुढील विषय : -**

०१. नियोजित संस्थेचे मुख्य प्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.
०२. नियोजित संस्थेचे नवीन विकासक व वास्तुविशारद यांची निवड करणे.

दिनांक :- ०७/०३/२०२५
ठिकाण :- बृहन्मुंबई

हस्ता./-
(विरधवल जाधव)
प्राधिकृत अधिकारी तथा,
सहकारी अधिकारी, श्रेणी-२
झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई

सुचना :-
१. सभेस संस्थेच्या प्रारुप परिशिष्ट-२ मध्ये समाविष्ट झोपडीधारक पती पत्नी या दोघांपैकी एकाच व्यक्तीस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
२. प्रारुप परिशिष्ट-२ मध्ये समाविष्ट व्यक्तींनी स्वतःची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड/पॅन कार्ड अथवा निवडणूक ओळखपत्र, इत्यादी) उपस्थित रहावे.
३. संस्थेच्या सभासदांना सभागृहात प्रवेश देतेवेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थित नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमेट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
४. सभेच्या कामकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रिकरण करण्यात येईल.

प्रति,
1. श्री/श्रीमती................................परि.-2 क्रमांक................................................
2)नियो. श्री अष्टविनायक एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भू.क्र. ३५१ (भाग), ३/३५१ (भाग), ३५४ (भाग), ३५५ (भाग) मौजे-माटुंगा विभाग, वालचंद बंगला, शेख मिस्त्री रोड, ॲन्टोप हिल, वडाळा (पूर्व), मुंबई ३७.
3) नियो. सिध्दीविनायक रहिवाशी संघ एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भू.क्र. ३५१ (भाग), ३/३५१ (भाग), ३५४ (भाग), ३५५ (भाग) मौजे-माटुंगा विभाग, वालचंद बंगला, शेख मिस्त्री रोड, ॲन्टोप हिल, वडाळा (पूर्व), मुंबई ३७.
4. संस्थेच्या नोटीस बोर्डावर माहितीसाठी

# भुसावल मंडल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**मुंबई/भुसावल।** भुसावल मंडल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### महिला कर्मियों ने चलाई विशेष गुड्स ट्रेन

भुसावल रेलवे स्टेशन से खंडवा की दिशा में एक विशेष मालगाड़ी को पूर्णतः महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किया गया। इस ट्रेन की लोको पायलट ज्योति सिंह, सहायक लोको पायलट शिवानी, और गुड्स ट्रेन मैनेजर भाग्यश्री पिंपले ने कुशलतापूर्वक संचालन किया। मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को रवाना किया।



## संपादकीय

# अभिव्यक्ति का हक

यह विडंबना ही है कि आजादी के पिचहत्तर साल बाद भी शीर्ष अदालत को याद दिलाना पड़ा है कि संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी अनिवार्य हक है। यह भी कि हमारी पुलिस अब तक स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म नहीं समझी है और अकसर राजनीतिक दबाव में कार्यवाही कर देती है। कमोबेश यही स्थिति सत्ता पक्ष की भी है कि वो अपनी आलोचना पर तल्ख होकर अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करने पर उतारू हो जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस का भी दायित्व बनता है कि अभिव्यक्ति की सही व्याख्या करे। उसके बाद ही किसी तरह की कार्रवाई करे। निश्चय ही ऐसे मामलों में बेहद संवेदनशीलता की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर हाल के दिनों में किसी राजनेता के बयान, फिल्मों, साहित्यिक अभिव्यक्ति पर भावनाएं आहत होने के आरोप लगाने का फैशन ही बन गया है। दरअसल, कला व साहित्य में अभिव्यक्ति बिंबों व प्रतीकों के माध्यम से की जाती है। जिसकी सतही व्याख्या करके आनन-फानन में मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं। भारतीय समाज की तो सदियों से यह खूबसूरती ही रही है कि सभी विचारों व तर्कों का सम्मान किया जाता रहा है। लेकिन हाल के सोशल मीडिया के दौर में कथित भावना आहत होने के आरोप लगाने का रिवाज सा बन गया है। इसके विपरीत सत्ता पक्ष को सुविधाजनक लगने वाले तल्ख विचारों की अभिव्यक्ति का नोटिस नहीं लिया जाता। विडंबना यह है कि पुलिस भी सत्ता पक्ष के दबाव के चलते न्यायसंगत कार्रवाई नहीं कर पाती। यही वजह है कि पिछले दिनों सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की कविता पर प्राथमिकी दर्ज होने तथा अश्लील अभिव्यक्ति करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने मार्गदर्शक टिप्पणियां की। इसमें प्रतापगढ़ी की कविता का मर्म समझे बिना उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कड़ी आलोचना की गई। साथ ही शीर्ष अदालत ने सरकारी दिशा-निर्देशों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखने को भी कहा, जिससे किसी के साथ अन्याय न हो सके। निस्संदेह, अदालत ने स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के रूप में अपरिहार्य होने का जिक्र करते हुए दोटूक शब्दों में कहा कि कम से कम आजादी के सात दशक बाद पुलिस को इसकी गरिमा का अहसास होना चाहिए था। कोर्ट ने नसीहत दी कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले पुलिस को कविता पढ़नी चाहिए थी और उसका वास्तविक अर्थ समझना चाहिए था। कविता इंसाफ और प्रेम को अभिव्यक्त करती थी, न कि हिंसा-दुर्भावना को। कोर्ट ने ऐसी ही टिप्पणी डिजिटल प्लेटफार्म के एक कार्यक्रम में भदेस-अश्लील शब्दावली का प्रयोग करने वाले रणवीर इलाहाबादिया को फिर से कार्यक्रम की अनुमति देते वक्त की है। कोर्ट ने चेताया कि अभिव्यक्ति की आजादी के मायने अश्लील अभिव्यक्ति कदापि नहीं है। कोर्ट ने इलाहाबादिया को सख्त लहजे में चेताया कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर वे नैतिकता व अश्लीलता की सीमाओं के अतिक्रमण करने का दुस्साहस कदापि न करें। अदालत ने सोशल मीडिया मंचों के दुरुपयोग पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि सरकार इस बाबत दिशा-निर्देश जारी करे ताकि सेंसर करने तथा मापदंडों का फर्क स्पष्ट हो सके, जिससे आनन-फानन में विचारों की स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश न लगाया जा सके। निस्संदेह, आजकल जब सोशल मीडिया के कतिपय मंचों पर असामाजिक व्यवहार मर्यादाओं की सीमा लांघना आम होता जा रहा है, इनका गाइडलाइन्स के जरिये नियमन जरूरी हो जाता है। लेकिन पुलिस-प्रशासन को जल्दबाजी में कार्रवाई करने के बजाय संवेदनशील ढंग से चीजों का अवलोकन करना चाहिए। यह जानते हुए कि किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति एक अपरिहार्य शर्त है। वैसे अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी पहली बार नहीं आई। स्वतंत्र अभिव्यक्ति को लेकर कई बार मंथन भी होते हैं। लेकिन पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई में आवश्यक संजीदगी नजर नहीं आती। यही वजह है कि अदालतों में भावनाओं के आहत होने वाले कथित मामले लगातार आते ही रहते हैं।

# स्वास्थ्यकर भोजन व सक्रिय जीवन को दें बढ़ावा



**दिनेश सी. शर्मा**

अपने हालिया 'मन की बात' प्रसारण में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती पर प्रकाश डाला—अधिक वजन या मोटापा। यह मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर जैसे गैर-संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ाने के मुख्य कारकों में से एक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोटापे की चुनौती का समाधान खाद्य तेल की खपत को कम करने जैसे छोटे प्रयासों से किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'आपको यह निर्णय लेना चाहिए कि आप हर महीने 10 प्रतिशत कम तेल का उपयोग करेंगे यह मोटापा कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।' उन्होंने आगे कहा कि भोजन में कम तेल-घी का उपयोग करना और मोटापे से निजात न केवल व्यक्तिगत चुनाव है, बल्कि परिवार के प्रति व्यक्ति की जिम्मेदारी भी है। प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक सार्वजनिक अभियान शुरू किया, जिसमें 10 सार्वजनिक हस्तियों को अपने भोजन में 10 प्रतिशत तेल कम करने की चुनौती दी और उनसे आगे अन्य 10 लोगों को इस चुनौती से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे मोटापे से लड़ने में काफी मदद मिलेगी। एनसीडी और तेल की खपत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संदेश महत्वपूर्ण है, लेकिन यह पूरी कहानी का केवल एक हिस्सा भर है। दरअसल, बड़ी वजह है वसा का अत्यधिक सेवन, मुख्य रूप से ट्रांस फैटी एसिड या ट्रांस फैट, जो एनसीडी श्रृंखला का जोखिम बढ़ाने के बड़े कारकों में से एक है। ट्रांस फैट स्रोतों में डेयरी उत्पाद, घी, मांस और वनस्पति हैं। अन्य किस्म की वसा का अधिक सेवन भी हानिकारक है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा जारी आहार दिशानिर्देशों के अनुसार, नारियल तेल, घी और पामोलीन तेल में संतृप्त वसा का अनुपात सबसे अधिक है। प्रधानमंत्री द्वारा सुझाया गया विचार—खाना पकाते या उसकी सजावट करते समय उपयोग किए जाने वाले तेल की खपत को कम करना-केवल आधा कदम है। हम प्रसंस्कृत भोजन पदार्थ, फास्ट फूड, तले स्नैक्स, कुकीज इत्यादि के जरिए ट्रांस फैट ग्रहण करते हैं। अन्य कारकों में, भोज्य पदार्थों में मौजूद संतृप्त और असंतृप्त वसा का स्रोत भी कम या ज्यादा मात्रा में होता है। जन स्वास्थ्य के हित में, न केवल तेल बल्कि देसी एवं वनस्पति घी के साथ-साथ पैकेटबंद अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और डेयरी उत्पादों के सेवन में कटौती करना आवश्यक है। मोटापे के विरुद्ध अभियान में अस्वास्थ्यकारी आहार और आरामपरस्त जीवनशैली के त्याग को भी शामिल किया जाए।

स्वेच्छा से खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने के लिए कहकर, प्रधानमंत्री ने मोटापे और असंक्रामक महामारी से निपटने का जिम्मा लोगों पर डाल दिया है। यह दशकों से अर्जित उस जन स्वास्थ्य ज्ञान के विरुद्ध है, जो कहता है कि स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को अपनाना व्यक्तिगत और सामाजिक, दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है। सरकार का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी नीतियों के जरिए वातावरण बनाए, जो लोगों को कम वसा वाले स्वस्थ आहार का सेवन करने में सक्षम और प्रोत्साहित करें। यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि जब सारा माहौल ही मोटापे को बढ़ावा देने वाला हो, जिसे वैज्ञानिक मोटापे को बढ़ावा देने वाला वातावरण कहते हैं- वहां कोई स्वस्थ आहार और स्वस्थ जीवनशैली कैसे अपना सकेगा। यह प्रयोजन सार्वजनिक नीतियों द्वारा आकार पाता है, वरना समुदायों को स्वस्थ विकल्प प्रदान नहीं करता।

हमें व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ मोटापा और एनसीडी से निपटने के लिए जनसंख्या-व्यापी और बहुक्षेत्रीय नीतिगत दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, भारत खाद्य तेल आपूर्ति के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, और सार्वजनिक नीतियां पाम ऑयल के आयात को प्रोत्साहित करने वाली हैं। कुल आयातित खाद्य तेलों में पाम ऑयल का हिस्सा लगभग 60 प्रतिशत है। पाम ऑयल प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग का मनपसंद माध्यम है, हालांकि अनेक अध्ययनों ने इसके सेवन को हृदय रोग के बढ़ते जोखिम से जोड़ा है। खाद्य तेलों के उत्पादन और आयात को नियंत्रित करने वाली सार्वजनिक नीतियों को इस तरह से बनाया जाए कि वे लोगों को कम हानिकारक खाद्य तेलों का विकल्प प्रदान करें।

पिछले कुछ दशकों में, भारत में बढ़ती आय, शहरीकरण और खाद्य उत्पादों के बढ़ते वैश्वीकरण के साथ खान-पान संबंधी आदतें बदल गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप नमक, चीनी और वसा से भरपूर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ लोकप्रिय हो गए हैं। इन उत्पादों ने खाद्य पारिस्थितिकी को बदल दिया है। जंक फूड अब हर जगह उपलब्ध है– पास-पड़ोस, मोहल्ले, स्कूल कैंटीन, कार्यालय, अस्पताल, सिनेमा हॉल, झुग्गी-झोपड़ियां, गांव तक में। इस बदलाव में नीतियों का योगदान बहुत बड़ा है। सरकारें चिप्स, कोला, कुकीज, नमकीन इत्यादि बनाने वाली प्रसंस्कृत खाद्य कंपनियों को सब्सिडी प्रदान करती हैं (इसे कृषि आधारित उद्योगों के लिए सब्सिडी के साथ भ्रमित न किया जाए)। जंक फूड उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए खाद्य कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाता है। दरअसल, होना यह चाहिए कि कम दाम पर ताजे फलों और सब्जियों की उपलब्धता प्रोत्साहित की जाए क्योंकि यह स्वास्थ्यकारी विकल्प है। लेकिन हमारी नीतियां फलों और सब्जियों को प्रसंस्कृत कर उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। तिस पर तुर्रा यह है कि खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण पिछले कुछ वर्षों से प्रमुख जंक फूड कंपनियों के साथ साझेदारी में 'ईट राइट' अभियान चला रहा है! जंक फूड पर सख्त नियमन के लिए समर्थन जुटाने के बजाय, जिसकी मांग सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता विशेषज्ञ करते आए हैं- खाद्य सुरक्षा नियामक उलटे उन कंपनियों के साथ साझेदारी कर रहा है, जिन पर इसे नकेल डालनी चाहिए। 2019 में, नियामक ने 2022 तक खाद्य श्रृंखला से औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस फैट खत्म करने के लिए एक पहल 'भारत@75 : ट्रांस वसा से मुक्ति' शुरू की थी। लेकिन, जंक फूड उद्योग के कड़े विरोध के कारण यह लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया।

शारीरिक श्रमविहीन जीवनशैली और व्यायाम निष्क्रियता और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ, जिसे मोटापा बनने का मुख्य सूत्रधार बताया जाता है, उसके पीछे भी यही कहानी है। बेशक शारीरिक रूप से सक्रिय रहना और व्यायाम करना व्यक्तिगत चुनाव का मामला है, लेकिन सार्वजनिक नीतियां सक्रिय वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनसे सामुदायिक स्तर पर शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलता है।

## जीवन मंत्र

# किसी इंसान की नियत पता करने के लिए कुछ मिनट ही हैं काफी

लाइफ में कई बार हम किसी इंसान से बहुत कम देर के लिए मिलते हैं। इतने कम वक्त में किसी के व्यवहार और नीयत को समझना मुश्किल लगता है। लेकिन साइकोलॉजी कहती है कि कुछ खास तरह के बिहेवियर की मदद से इंसान के नेचर को समझा जा सकता है।

अगर किसी इंसान से कुछ मिनट भी मिला जाए और वो इन 6 तरह की हरकतों को कर रहा है तो उसकी नियत का अंदाजा बड़े आसानी से लगाया जा सकता है।

अगर कोई इंसान बहुत ज्यादा बातें करता है और बातें बनाता है तो इसका संकेत है कि उसकी मानसिकता सबसे ज्यादा कमजोर है। अगर कोई इंसान हर छोटी-बड़ी बात पर मजाक करता है और दूसरों का मजाक बनाता है तो इस तरह का व्यवहार इंसान की खतरनाक पर्सनैलिटी को दिखाता है। इस तरह के इंसान सबसे ज्यादा फ्रस्टेटेड होते हैं और सोसाइटी के लिए खतरनाक रहते हैं। ऐसा इंसान जो लोगों से नजरें चुराता है तो संकेत है कि वो कुछ छिपा रहा है। कुछ इंसान फ्लैशी, चमकीले कपड़े पहनकर रेडी होते हैं। जिससे हर किसी का अटेंशन आसानी से ले सकें।

कुछ लोग काफी धीरे से बात करते हैं। ऐसे इंसान का नेचर काफी कैलकुलेटिव होता है।

अगर कोई इंसान सामने वाले के




व्यवहार को कॉपी कर रहा है। तो इसका मतलब है कि वो आपके साथ तालमेल बिठाना चाह रहा है। आप के लिए तो और भी ज़रूरी है ये सब जानना। अगर कोई कुछ कहता है आपसे या कुछ दिखाता भी है आपको तो ये जान्ने की कोशिश करो के वो क्यों ये सब बोल रहा है या दिखा रहा है? उसकी मंशा क्या है? बस उसकी इसी मंशा को हमने जानना है और फिर उस पर विचार करना है।ये ज़रूरी नही के उसी वक्त हम विचार करने लग जाएं। हम बाद में भी उस घटना या उस शक्श के कहने या दिखाने पर सोच सकते हैं। अगर हम उस बन्दे की कही गई बात या दिखाई गयी चीज़ पर गौर करें तो हमे कुछ कुछ समझ आने लगेगा कि उसकी मंशा क्या है। और हमे ये भी समझ आएगा के वो चाहता क्या है। बस जब आप को ये सब समझ आने लगेगा तो आपको उसकी नियत भी समझ में आने लगेगी। अपने ख्याल को सच साबित करने के लिए तुम भी उससे कोई game खेल सकते हो,अगर चाहो तो । इस तरह हम दूसरों की नीयत क्या हम दूसरों को काफी हद तक जान सकते हैं। ये सब सीखना पड़ेगा और धीरे धीरे हम दूसरों की नीयत का सटीक अनुमान लगा सकते हैं। और हम काफी हद तक खुद को परेशानियों से बचा सकते हैं।

## शख्सियत | ज़ाकिर हुसैन

### भारतीय तबला वादक, संगीतकार, तालवादक, संगीत निर्माता और फिल्म अभिनेता



(9 मार्च 1951-15 दिसंबर 2024) उस्ताद ज़ाकिर हुसैन (जन्म 9 मार्च 1951) भारत के सबसे प्रसिद्ध तबला वादक थे। ज़ाकिर हुसैन तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे। ज़ाकिर हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 साल की उम्र से ही ज़ाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज़ को बिखेरना शुरू कर दिया था।

प्रारंभिक शिक्षा और कॉलेज के बाद ज़ाकिर हुसैन ने कला के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करना शुरू कर दिया। 1973 में उनका पहला एलबम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड आया था। उसके बाद तो जैसे ज़ाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज़ को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 1979 से लेकर 2007 तक ज़ाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। ज़ाकिर हुसैन भारत में तो बहुत ही प्रसिद्ध हैं साथ ही साथ विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी समान रूप से लोकप्रिय हैं।

1988 में जब उन्हें पद्म श्री का पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। ज़ाकिर हुसैन को 1992 और 2009 में संगीत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रैमी अवार्ड भी मिला है। 22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। तीन ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुके जाकिर हुसैन ने एक्टर भी थे। उन्होंने 12 फिल्मों में काम किया था। Ustad Zakir Hussain ने शशि कपूर के साथ साल 1983 में आई ब्रिटिश फिल्म 'हीट एंड डस्ट' में काम किया था। यह उनकी एक्टिंग डेब्यू फिल्म थी। इसके अलावा वह साल 1998 में आई फिल्म 'साज' में नजर आए। इसमें शबाना आजमी ने उनकी प्रेमिका का रोल प्ले किया था।

जाकिर हुसैन ने 11 साल की उम्र में अमेरिका में अपना पहला कॉन्सर्ट करके सबको हैरान कर दिया था। उन्होंने 12 साल की उम्र से ही पिता के साथ कॉन्सर्ट में जाना शुरू कर दिया था। जाकिर हुसैन की अमेरिका में भी तूती बोलती थी। साल 2016 में उन्हें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया था। इसमें शामिल होने वाले जाकिर हुसैन पहले भारतीय संगीतकार रहे।

पर्सनल लाइफ की बात करें तो उस्ताद जाकिर हुसैन ने Antonia Minnecola से शादी की थी, जो एक कथक डांसर और टीचर होने के साथ ही उनकी मैनेजर भी हैं। उनकी दो बेटियां हैं।

## जीवन ऊर्जा

होनोरे गेब्रियल रिक्वेटी : जन्म-9 मार्च, 1749 | जन्म

# प्रतिभा बहस नहीं करती, सृजन करती है

होनोरे गेब्रियल रिक्वेटी, कॉम्टे डी मिराब्यू, 18वीं शताब्दी के अंत में फ्रांसीसी राजनीति और साहित्य में एक प्रमुख व्यक्ति थे। उनका जन्म 9 मार्च, 1749 को हुआ था और उनकी मृत्यु 2 अप्रैल, 1791 को हुई थी। मीराब्यू एक कुलीन परिवार से थे, लेकिन सामाजिक और राजनीतिक सुधारों की वकालत के लिए जाने गए।

स्वतंत्रता का रहस्य मनुष्यों को प्रबुद्ध करना है, जैसे अत्याचार का रहस्य उन्हें अज्ञानता में रखना है।जनता की भलाई के लिए जुनून से अधिक शक्तिशाली या आवश्यक प्रतिरोध का कोई साधन नहीं है।महान व्यक्ति चील की तरह होते हैं, और अपना घोंसला किसी ऊंचे एकांत में बनाते हैं।धोखा देने का सबसे पक्का तरीका है अपने आप को दूसरों से अधिक चतुर समझना।हमें अपने दोस्तों के दुर्भाग्य के लिए आसानी से सांत्वना मिलती है जब वे दुर्भाग्य हमें अपना स्नेह दिखाने का अवसर देते हैं।जीवन एक संघर्ष है, लेकिन युद्ध नहीं।प्रतिभा बहस नहीं करती, सृजन करती है।हम कभी भी बुराई को इतनी गहराई और दिल से नहीं करते जितना कि विवेक से किया जाता है।क्रांति बनाई नहीं जाती; वे



आती हैं। क्रांति ओक की तरह प्राकृतिक विकास है। यह अतीत से आती है। इसकी नींव बहुत पहले रखी गई होती है।जीवन की सबसे बड़ी खुशी यह विश्वास है कि हमें प्यार किया जाता है; अपने लिए प्यार किया जाता है, या यूं कहें कि हमारे बावजूद भी प्यार किया जाता है।मेरा सिद्धांत जीवन का आनंद लेना है और जो कुछ भी मुझे लगता है वह करना मुझे खुशी देगा। जब भी मैं संदेह में होता हूं, तो मैं खुशी चुनता हूं।हम सभी एक लचीली श्रृंखला द्वारा सर्वोच्च सत्ता के सिंहासन से बंधे हैंजो हमें गुलाम बनाए बिना रोकती है।ईश्वर में विश्वास रखें और अपने बारूद को सूखा रखें।दुनिया न्याय से नहीं, बल्कि मनुष्यों द्वारा शासित होती है।संप्रभु सत्ता मेरे विवेक को आदेश देती है।दौलत गरीबी की तरह मन का एक जन्मजात दृष्टिकोण है। जिस कंगाल ने अपना ढेर बना लिया है वह अपनी लूट का दिखावा कर सकता है, लेकिन उसे प्रशंसनीय ढंग से पहन नहीं सकता।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# गीता रोग भी बताती है और औषधि भी

जीवन जीने की दिव्यतम् भव्यतम् कल्पना का साकार रूप ही श्रीमद्भगवद्गीता है जीवन की ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका समाधान गीता से न प्राप्त किया जा सकेगीता अर्जुन के समक्ष अवश्य गायी गई लेकिन केवल अर्जुन के लिए नहीं गायी गई भगवान श्रीकृष्ण



ने हमे गीता में संदेश दिया है कि जीवन में समत्व को धारण करते हुए लाभहानि में सुखदुःख में और समविषम परिस्थितियों में आनंदपूर्वक जी सकें


वर्तमान समय में मनुष्य जीवन की बहुत सारी समस्याओं से पीड़ित है मनुष्य केवल अभाव से दुःखी नहीं है अपितु अपने स्वभाव से दुःखी है वो दुःखी हैखिन्न है विषादग्रस्त है लेकिन इन सबके पीछे के कारणों से भी अनभिज्ञ है गीता रोग भी बताती है औषधि भी बताती है और मानव मन का उपचार भी करती हैहमारे जीवन का विषाद प्रसाद बन जाये यही तो गीता जी के आश्रय का फल है



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

# मनुष्य जब अकेला हो जाता है तब ज्ञान जागृत होता है

गज और ग्राह के बीच एक माह तक युद्ध चलता रहा। मगर हाथी को गहरे पानी में खींचता चला जा रहा है। अतःअब हाथी मर जाएगा, ऐसा सोचकर हथिनियाँ तो उसका त्याग करके चली गईं। मनुष्य के जन्म से पहले उसका कोई संबंधी नहीं था और न मरने के बाद कोई रहेगा। फिर भी जन्म और मरण दोनों के बीच में जो समय है, उस समय में उसे एक दूसरे के बिना चैन नहीं आता, परंतु अंतकाल में कोई भी काम नहीं आता। मनुष्य को ऐसी इच्छा रखनी चाहिए कि मेरी ऐसी हालत हो, कि



मुझे प्रभु के बिना चैन न आए। गजेंद्र अब मर जाएगा, ऐसा सोचकर सब उसको छोड़कर चले गए। गजेंद्र अकेला ही रह गया। मनुष्य जब अकेला हो जाता है, तब जाकर ज्ञान जागृत होता है। अकेला अर्थात् जब जेब में पैसा भी न हो, तब ज्ञान जागृत होता है और वह ईश्वर की शरण में आता है। निर्बल के बल राम हैं।

द्रोपदी ने जबतक साड़ी काआंचल पकड़ रखा,तब तक श्री कृष्ण जी नहीं आए। ईश्वर संपूर्ण प्रेम चाहते हैं। जीव ईश्वर को थोड़ा प्रेम देता है, अतः ईश्वर सहायता नहीं करते। गजेंद्र निराधार हो गया। उसको विश्वास हो गया कि अब मेरा कोई नहीं है। जीव जब दुख से व्याकुल होता है तब परमात्मा को पुकारता है। इसलिए गजेंद्रमोक्ष का पाठ प्रतिदिन करना चाहये।

## अपने विचार



"मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं, जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दूं। एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री रहते हुए लिए गए फैसले अकेले उनके नहीं थे। वे मेरी और अजित पवार की भी जिम्मेदारी थे।"
**देवेंद्र फडणवीस,** सीएम ,महाराष्ट्र



कांग्रेस की राह पर भाजपा सरकार चल रही है। गरीबों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। भाजपा सरकार ने सिर्फ वादे किए। आर्थिक नीतियों पर हवा-हवाई दावे किए जा रहा रहे हैं।
**मायावती,** बसपा सुप्रीमो



जैसे वक्फ बोर्ड है, वैसे ही हिंदू बोर्ड भी होना चाहिए। ये देश हिंदुओं का है। अगर हालात नहीं सुधरे तो भारत भी बांग्लादेश हो जाएगा। भारत के हिंदुओं के साथ हम अत्याचार नहीं होने देंगे।
**बाबा धीरेंद्र शास्त्री,** धर्मगुरु



कांग्रेस के जितने भी नेता है उनके दिल में कांग्रेस होनी चाहिए। जीतने हारने की बात छोड़ दीजिए। अगर हाथ भी कटे तो उसमें से कांग्रेस का खून निकलना चाहिए।
**राहुल गांधी,** नेता,कांग्रेस

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# पश्चिम रेलवे ने महिला कर्मचारियों के सम्मान में किए विशेष आयोजन

▶▶ महिला कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

**पश्चिम रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर अपनी महिला कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने और कार्यस्थल पर लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया।**





## महिला क्रू द्वारा चलाई गई मालगाड़ी

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में वसई रोड स्टेशन से एक कंटेनर मालगाड़ी का परिचालन पूर्णतः महिला क्रू द्वारा किया गया। इस क्रू में लोको पायलट (मालगाड़ी) मीरा बाई मीणा, वरिष्ठ सहायक लोको पायलट उत्कर्षा शर्मा तथा गार्ड (ट्रेन प्रबंधक) कैरल डिसूजा शामिल रहीं।

यह विशेष पहल रेलवे के परिचालन क्षेत्र में महिलाओं के समावेश और उनकी दक्षता को दर्शाने का एक सराहनीय प्रयास था। इस सफल परिचालन के माध्यम से पश्चिम रेलवे ने महिला सशक्तिकरण का एक मजबूत संदेश दिया और यह साबित किया कि महिलाएं किसी भी तकनीकी एवं परिचालन क्षेत्र में समान रूप से सक्षम हैं।

## माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन की महिला टीम का सम्मान

पश्चिम रेलवे ने माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर कार्यरत सम्पूर्ण महिला टीम का भी सम्मान किया। यह स्टेशन पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जाता है, जिसमें स्टेशन मास्टर, बुकिंग क्लर्क, टिकट चेकिंग स्टाफ, रेलवे सुरक्षा बल (RPF) कर्मी और हाउसकीपिंग स्टाफ शामिल हैं।

इन सभी महिला कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से यह स्टेशन सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। इस सराहनीय कार्य के लिए प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती मंजुला सक्सेना द्वारा इन महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

जिससे उनके समर्पण और सेवा भावना को सराहना दिया जा सके।

## महिला मेंटेनेंस टीम का सम्मान

महिला दिवस के अवसर पर पश्चिम रेलवे के महालक्ष्मी ट्रैक्शन सबस्टेशन (TRD) पर कार्यरत महिला मेंटेनेंस टीम को सम्मानित किया गया। इस टीम का कार्य 25 केवी और 110 केवी ट्रैक्शन पावर सप्लाई उपकरणों का रखरखाव करना है, जिससे उपनगरीय रेल सेवाओं का निर्बाध संचालन सुनिश्चित होता है।

## "पश्चिम रेलवे की नायिका" विशेष वीडियो

महिला दिवस को खास बनाने के लिए रेडियो चैनल फीवर 104 एफएम के सहयोग से "पश्चिम रेलवे की नायिका" शीर्षक से एक विशेष वीडियो जारी किया गया। साथ ही, पश्चिम रेलवे की वरिष्ठ मोटरमैन श्रीमती प्रीति कुमारी की संघर्ष और सफलता की कहानी को दर्शाने वाला एक विशेष पॉडकास्ट भी पश्चिम रेलवे के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों और कार्यस्थलों के लिए 'लैंगिक समावेशी प्रणाली के दिशा-निर्देश' जारी किए गए। इनका उद्देश्य कार्यस्थल पर समानता और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

# 502 फ्लैटों की बिक्री के लिए आवेदन की समय सीमा बढ़ी

▶▶ ऑनलाइन आवेदन 20 मार्च तक

▶▶ जमा प्रक्रिया 21 मार्च तक स्वीकार

दीपक पवार | मुंबई

नाशिक गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास बोर्ड (म्हाडा का एक घटक) ने 502 फ्लैटों की बिक्री के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 मार्च कर दी है। मुख्य अधिकारी शिवकुमार अवलकांठे ने यह जानकारी दी।




## फ्लैटों की लॉटरी प्रक्रिया का संशोधित कार्यक्रम

ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण 7 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे शुरू हुआ। आवेदन पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मार्च, रात 11:59 बजे तक किया जाएगा।ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 मार्च, रात 11:59 बजे तक है। आरटीजीएस/एनईएफटी भुगतान की अंतिम तिथि: 21 मार्च, शाम 4 बजे तक है। स्वीकृत आवेदनों की अंतिम सूची 9 अप्रैल, शाम 6 बजे म्हाडा की वेबसाइट पर प्रकाशित होगी। ड्रॉ की तारीख और समय बाद में घोषित किया जाएगा।



## लॉटरी प्रक्रिया के लिए दो श्रेणियां

20% व्यापक आवास योजना: इस योजना के तहत 300 फ्लैट लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे। इच्छुक आवेदक https://housing.mhada.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पहले आओ, पहले पाओ योजना: इस योजना के तहत 202 फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इच्छुक आवेदक https://lottery.mhada.gov.in पर पंजीकरण कर सकते हैं।

## कोई एजेंट या बिचौलिया नियुक्त नहीं

मुख्य अधिकारी अवलकंठे ने साफ किया कि म्हाडा ने फ्लैटों की बिक्री के लिए किसी भी प्रतिनिधि, सलाहकार या संपत्ति एजेंट को अधिकृत नहीं किया है। अगर कोई आवेदक ऐसे किसी व्यक्ति के संपर्क में आता है, तो म्हाडा या नासिक बोर्ड किसी भी लेनदेन या धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

## पारदर्शी और डिजिटल प्रक्रिया

म्हाडा की IHMLS 2.0 कंप्यूटर प्रणाली को पारदर्शी, सरल और आसान बताया गया है, जिससे इच्छुक आवेदक स्वयं लॉटरी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।नासिक बोर्ड ने सभी इच्छुक आवेदकों से समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, ताकि वे इस आवास योजना का लाभ उठा सकें।

# लेखक के शब्दों की शक्ति समाज को आकार देती है - डॉ. प्रदीप ढवल

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

"एक लेखक को केवल बिक्री और पुरस्कार के लिए नहीं लिखना चाहिए, बल्कि समाज के प्रति जागरूक रहना चाहिए। लेखक के शब्दों की ताकत ही समाज का निर्माण कर सकती है और सकारात्मक बदलाव ला सकती है," यह विचार महाराष्ट्र राज्य साहित्य संस्कृति मंडल के उपाध्यक्ष और कोमसापा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रदीप ढवल ने व्यक्त किए। वे अक्षरमंच प्रकाशन द्वारा आयोजित सुनील बडगुजर की पुस्तक 'चला शब्दखेल खेलू या' के प्रकाशन समारोह में अध्यक्षीय भाषण दे रहे थे।



## बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने की जरूरत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुस्तक बाग के संस्थापक सुधीर सेठ ने कहा कि बच्चों को पढ़ने की आदत डालने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने पुस्तक उद्यान की महता पर जोर देते हुए बताया कि बच्चों के जीवन में पढ़ने की संस्कृति विकसित करना अत्यंत आवश्यक है।

## सम्मानित किए गए संपादक और लेखक

कोंकण मराठी साहित्य परिषद और भारतीय संस्कृति प्रसारक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दूसरे सत्र में दिवाली अंक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संपादकों और लेखकों को सम्मानित किया गया। इनमें शुभांगी मुले (अच्छाई आंदोलन), पुंडलिक पाई (हैशटैग), कीर्ति जोशी (भावार्थ), सैली कुलकर्णी और अश्लेषा महाजन (नृत्यावकाश), बाल कमंडलकर (नितांत), मिलिंद बल्लाल (विश्वभ्रमंती), डॉ. गिरीश महाजन (दीपोत्सव निर्धारचा), अश्विनी म्हात्रे (काव्यसारी), नागेश हुलावले (पसैदान), श्रीकांत बापट (वयम प्रकाशक) शामिल रहे।

अनुमति के प्रावधान के बिना दी गई मंजूरी, शिकायतकर्ता का दावा

# शासकीय द्वितीय श्रेणी जमीन पर गारंटी पत्र के आधार पर निर्माण कार्य

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

शासकीय द्वितीय श्रेणी जमीन पर बिना किसी कानूनी प्रावधान के गारंटी पत्र के आधार पर निर्माण की अनुमति दिए जाने का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। शिकायतकर्ता पांडुरंग भोईर ने इस संबंध में गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि 896 अवैध निर्माण किए गए हैं, जिससे सरकार को 2,500 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है। उन्होंने इस मामले की विस्तृत जांच और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## 70 सोसायटियों को आवंटित किए गए सरकारी भूखंड

भोईर के अनुसार, ठाणे जिले में 70 सोसायटियों को सरकारी भूखंड आवंटित किए गए थे, जिनमें ठाणे, कल्याण और अंबरनाथ के कई प्लॉट शामिल हैं। कुल 2,919 भूखंड आवंटित किए गए, जिनमें से 1,689 भूखंडों पर नियमों का उल्लंघन हुआ है।

## कोर्ट और लोकायुक्त में शिकायत

- भोईर ने इस मामले को लेकर 2016 से लगातार पैरवी की है। उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की है, जो अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अलावा, उन्होंने लोकायुक्त से भी शिकायत दर्ज कराई है, ताकि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। शिकायतकर्ता भोईर का आरोप है कि 2011 से 2018 के बीच बिना किसी योजना के इन निर्माणों को मंजूरी दी गई। द्वितीय श्रेणी की सरकारी जमीन पर गारंटी पत्र के आधार पर निर्माण की अनुमति देने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है, फिर भी कल्याण-डोंबिवली मनपा (KDMC) के नगर नियोजन विभाग और तत्कालीन अधिकारियों ने इस पर मुहर लगा दी।

## किस आधार पर दी गई अनुमति?

- भोईर ने सवाल उठाया है कि इन निर्माण कार्यों की अनुमति किन आधारों पर दी गई? उनका कहना है कि 65 अवैध निर्माणों को नियमित करने की संभावना है, लेकिन सरकारी जमीन पर ऐसे निर्माण को वैध ठहराने का क्या आधार होगा?

# ठाणे मनपा द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

ठाणे: विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में ठाणे मनपा मुख्यालय स्थित स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागार में बचत गट की महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 160 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोड़े के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित किया गया। दीनदयाल जन आजीविका योजना, समाज विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से यह स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई गई। इसकी जानकारी उपायुक्त अनघा कदम

## 160 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच, मुफ्त दवा और आयुष्मान कार्ड आवेदन

## 81 महिलाओं के बने आयुष्मान कार्ड

शिविर में 81 महिलाओं के आयुष्मान कार्ड का ऑनलाइन आवेदन किया गया, जिससे उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। मनपा की डॉ. वर्षा ससाने ने महिलाओं को बीमारियों और उनके रोकथाम के बारे में जानकारी दी। वहीं, उपायुक्त अनघा कदम ने महिलाओं को 'माझी वसुंधरा अभियान' और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया और उन्हें इस दिशा में योगदान देने की शपथ दिलाई।



# रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को चॉकलेट और गुलाब का वितरण

दीपक पवार | डोंबिवली

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सक्षम नारी सेवाभावी संस्था और सक्षम नारी महिला बचत गट द्वारा डोंबिवली रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को चॉकलेट और गुलाब पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के महत्व को उजागर करना और उनके योगदान को पहचान देना था। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को चॉकलेट और फूल वितरित कर समाज में उनकी भूमिका और कर्तव्यों का संदेश दिया गया।

संस्था की अध्यक्ष स्वाती मोहिते ने कहा, "इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं को उनकी शक्ति का एहसास कराते हैं और उनमें सकारात्मकता बढ़ाते हैं।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** आज प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी।

**वृष:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा।

**मिथुन:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें।

**कर्क:** आज घर में क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**सिंह:** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा।

**कन्या:** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**तुला:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें।

**धनु:** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए।

**मकर:** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा।

**कुंभ:** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

# कब होगा भाग्योदय

हर व्यक्ति यही चाहता है मेरा भाग्योदय कब होगा ,होगा भी या नही, तो आज इसी विषय पर बात करेंगे भाग्योदय होगा या नही और होगा तो कब और किस स्तर का? भाग्योदय के ग्रहो की स्थिति से पहले यह जान लेते है भाग्योदय होने पर होता क्या है? भाग्योदय का मतलब है अच्छी स्थिति जीवन मे लगभग हर क्षेत्र में प्राप्त होने लगना, जैसे नोकरी/व्यापार कार्यक्षेत्र में सफलताए मिलते जाना, आर्थिक उन्नति, ज्यादातर जिस काम में सफ़ल होना चाहते है सफलता मिल रही है, किस्मत का साथ देना, जीवन से संघर्ष खत्म हो जाना, और रुके काम बनने लगना आदि यही भाग्योदय है। अब बात करते है भाग्योदय कैसे होता है और क्या योग होते है किस तरह से भाग्योदय होगा?



कुंडली का 9वा भाव भाग्य का है साथ ही भाग्योदय होने या करने के लिए कर्म करने की जरूरत होती है तो भाग्योदय में दसवे भाव का और इसके स्वामी का सहयोग होना जरूरी है, सहयोग मतलब दसवे भाव और इसके स्वामी की अच्छी स्थिति होना, इसे और अभी आगे क्लियर करूंगा कैसे भाग्योदय के लिए दसवे भाव की जरूरत होती है इसके अलावा कूण्डली के राजयोग भाग्योदय में सहयोग करते है।।



प्रियंका जैन
9769994439

अब मुख्य रूप से भाग्य के घर नवे घर मे बैठे ग्रह और इस भाव का स्वामी भाग्य की स्थिति बताएगा किस तरह से भाग्योदय होगा, जितना ज्यादा से ज्यादा शुभ प्रभाव ,ग्रहो का शुभ असर 9वे भाव पर होगा उताब ही अच्छा भाग्य रहता है, साथ ही किस संबन्धी के सहयोग से भाग्योदय होगा यह भी कुंडली पर निर्भर करेगा, अब ओर अच्छे से कुछ उदाहरणों से समझते है कैसे?

**उदाहरण_अनुसार:-**

मेष_लग्न में नवे भाव का स्वामी गुरु होता है अब यहाँ गुरु शुभ स्थितगत होगा तो निश्चित ही भाग्योदय होगा जैसे मेष लग्न में गुरु चन्द्र के साथ बैठकर गजकेसरी योग बनाकर बैठे तब अच्छा भाग्योदय होना तय है क्योंकि भाग्यधिपति अच्छे योग में है, अब यहाँ भाग्य स्वामी गुरु चौथे भाव स्वामी के साथ जो कि चौथा भाव माँ का है तब ऐसी स्थिति में भाग्योदय में माँ का सहयोग रहेगा ही रहेगा क्योंकि यहाँ भाग्य स्वामी गुरु शुभ स्थिति में चौथे भाव(माँ स्वामी भाव) चन्द्र के साथ होंने से माँ सहयोग, जनता के कार्यो से भाग्य का होगा क्योंकि चौथा भाव जनता का होत है।।

**क्रमशः**

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# हिजबुल मुजाहिद्दीन का आतंकी उल्फत हुसैन गिरफ्तार

**एजेंसी । लखनऊ**



**मुरादाबाद।** हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकवादी उल्फत हुसैन को मुरादाबाद पुलिस और सहारनपुर ATS की सयुंक्त टीम ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले से गिरफ्तार किया है। मुरादाबाद पुलिस और एटीएस की टीम ने उल्फत हुसैन को पुंछ में उसके घर से दबोचा है। उल्फत हुसैन राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है। इस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। यह 17 साल से फरार चल रहा था। उल्फत हुसैन को मुरादाबाद पुलिस ने 2002 में गिरफ्तार किया था। इसके बाद 2008 में जमानत पर वह जेल से बाहर आ गया था।

# धामी कैबिनेट से तीन मंत्रियों की छुट्टी के आसार!

**एजेंसी । देहरादून**



उत्तराखंड में कैबिनेट विस्तार की चर्चाओं के बीच एक और बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। बीजेपी के एक बड़े नेता ने नाम न बताने की शर्त पर बड़ी जानकारी शेयर की है। पार्टी सूत्रों की मानें तो मौजूदा धामी कैबिनेट के तीन मंत्रियों पर तलवार लटकी हुई है, जिन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। इसके अलावा चार नए विधायकों को धामी कैबिनेट में मंत्री बनाया जाएगा। फिलहाल जो जानकारी निकलकर सामने आई है, उसके हिसाब से ये कहा जा सकता है कि देहरादून, हरिद्वार, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले से धामी कैबिनेट में एक-एक मंत्री को शामिल किया जाएगा, जिसको लेकर बीजेपी संगठन स्तर पर कसरत चल रही है। बीते दिनों बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी इशारों ही इशारों ने इस बात का जिक्र किया था कि कभी भी प्रदेश में कैबिनेट विस्तार हो सकता है।

# मऊ जेल में 5 और कैदी एचआईवी संक्रमित

**एजेंसी । मऊ**



यूपी के मऊ जिला कारागार में स्वास्थ्य जांच के दौरान 5 कैदियों में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही जेल में एचआईवी संक्रमित कैदियों की कुल संख्या 14 हो गई है। जेलर राजेश कुमार और फार्मासिस्ट अजय कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जेल प्रशासन के अनुसार, एचआईवी संक्रमित कैदियों को विशेष भोजन और नियमित दवा उपलब्ध कराई जा रही है। फार्मासिस्ट श्रीवास्तव ने बताया कि संक्रमित पाए गए कुछ कैदियों ने बलिया के ददरी मेले में पीठ और हाथ पर टैटू बनवाया था, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कुछ कैदियों में एक ही सुई के बार-बार इस्तेमाल से संक्रमण हुआ है। जेल प्रशासन ने कैदियों के बीच जागरूकता बढ़ाने और संक्रमण से बचाव के उपायों को सख्ती से लागू करने की दिशा में कदम उठाने की बात कही है।

### खदान विवाद या नेतागिरी से जुड़े तार?

# एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या

**एजेंसी । हजारीबाग**



झारखंड के हजारीबाग में शनिवार सुबह एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) कुमार गौरव की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बिहार के नालंदा निवासी गौरव को कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतह चौक के पास उस वक्त निशाना बनाया गया, जब वह अपने निजी आवास से कोयला खदान की ओर जा रहे थे। अपराधियों की रेकी के बाद किए गए इस हमले से इलाके में सनसनी फैल गई है।

## कौन थे कुमार गौरव?

बिहार के नालंदा से पूर्व सांसद रामस्वरूप प्रसाद के भतीजे और हासेपुर गांव निवासी कुमार गौरव 2006 में एनटीपीसी से जुड़े थे। उन्होंने BIT सिंदरी से इंजीनियरिंग की थी और एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खदान परियोजना में उप महाप्रबंधक (डिस्पैच) के पद पर तैनात थे। झारखंड में उनकी पोस्टिंग पिछले साल ही हुई थी। इससे पहले वे मध्य प्रदेश के सिंगरौली में कार्यरत थे।

## हत्या के पीछे क्या वजह?

गौरव की छवि एनटीपीसी के भीतर एक ईमानदार अधिकारी की थी और वे अधिकारियों के नेता के रूप में भी जाने जाते थे। उनके हत्या के पीछे खदान से जुड़े किसी विवाद या एनटीपीसी के अंदरूनी राजनीति में सक्रियता को लेकर आशंका जताई जा रही है।

## पुलिस जांच में क्या?

हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है। हालांकि, सूत्रों का मानना है कि खदान में अनियमितताओं को रोकने के कारण कुछ लोगों के लिए वह बाधा बन चुके थे, जिसके चलते उनकी हत्या करवाई गई हो सकती है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हत्या के तार झारखंड से जुड़े हैं या मध्य प्रदेश से।

# अश्लील भोजपुरी गाना बजाया तो जाना होगा जेल

**एजेंसी । पटना**




अगर आप बिहार में रहते हैं और भोजपुरी गाने सुनने और सुनाने के शौकीन हैं तो सावधान हो जाइए। क्योंकि बिहार पुलिस ने होली के मौके पर अश्लील भोजपुरी गाना बजाने को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किया गया है। शनिवार को पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी किए गिए आदेश के मुताबिक सार्वजनिक जगहों पर अश्लील गाना बजाने वाले के खिलाफ पुलिस कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजेगी।

## आदेश में क्या कहा गया है?

बिहार के सभी एसपी, डीआईजी और आईजी को पुलिस द्वारा भेजे गए आदेश में कहा गया है कि महाशय, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आये दिन ऐसा देखा जाता है कि सार्वजनिक स्थलों / समारोहों, बसों/ ट्रकों, ऑटो रिक्शा आदि में सस्ते दोहरे अर्थ वाले/अश्लील भोजपुरी गानों का प्रसारण धड़ल्ले से बिना रोक-टोक के किया जाता है, जिसका समाज पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार के गीतों के प्रसारण से महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा तथा बच्चों की मनोवृत्ति बुरी तरह से प्रभावित होती है। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि भोजपुरी के सस्ते दोहरे अर्थ वाले गानों के कारण महिलाएं कहीं न कहीं असुरक्षित महसूस / लज्जा का अनुभवन करती हैं। इस प्रकार के गाने महिलाओं की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं।

# मुखिया पति जैसी कुप्रथाओं पर लगेगी रोक

### झारखंड की 34 पंचायतें बनेंगी महिला फ्रेंडली



**रांची।** झारखंड की 34 पंचायतें महिला फ्रेंडली होंगी। सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत इन पंचायतों का चयन किया गया है। सरपंच पति, प्रधान पति या मुखिया पति जैसी कुप्रथाओं को रोकने की शुरुआत भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने की है। प्रॉक्सी जनप्रतिनिधि की भागीदारी कम करने के लिए इसकी शुरुआत की गयी है। चयनित पंचायतों में महिला दिवस के दिन से कई तरह के अभियान चलाये जायेंगे। महिला जन प्रतिनिधियों को संवैधानिक प्रावधानों, लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तीकरण के बारे में बताया जायेगा।

## पंचायतों में होगी विशेष ग्राम सभा

इन पंचायतों में शनिवार को विशेष ग्राम सभा हुई। पंचायत को कैसे महिला फ्रेंडली बनाना है, इस पर विचार हुआ। इसके लिए भारत सरकार के प्रशिक्षक भी आए। महिला जन प्रतिनिधियों को सशक्त करने की रणनीति बनायी गई। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने इससे संबंधित जानकारी मांगी है। ग्राम सभा की पूरी रिपोर्ट इन पंचायतों से मांगी गयी है।

# पटना में जाम से मिलेगी राहत

### डीएम ने बनाया प्लान, चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**एजेंसी । पटना**

राजधानी पटना में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। पटना डीएम डॉ। चंद्रशेखर सिंह ने शुक्रवार को पाटलिपुत्र बस टर्मिनल कार्यकारिणी की बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बैरिया से पहाड़ी और जीरो माइल तक अतिक्रमण हटाओ अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा, ताकि इस इलाके में यातायात सुचारू रहे और जाम की समस्या खत्म हो सके।




## मेट्रो परियोजना के कारण जमा मलबा हटाया जाएगा

डीएम ने एनएचएआई और मेट्रो परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैरिया और पहाड़ी के पास सड़क किनारे जमा मलबा, कूड़ा-कचरा तत्काल हटाया जाए, ताकि साफ-सफाई बनी रहे और लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## अवैध बस पार्किंग और टिकट काउंटर पर होगी छापेमारी

डीएम ने डीटीओ और डीएसपी को निर्देश दिया कि मसौढ़ी मोड़ और जीरो माइल पर निजी जमीन या सड़क पर अवैध रूप से बसें और अन्य वाहन खड़े होने पर छापेमारी करें। साथ ही अवैध टिकट काउंटरों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है, ताकि अवैध बुकिंग पर रोक लग सके।

## 26 क्षतिग्रस्त बसों के मालिकों पर होगी कार्रवाई

बैठक में डीएम ने डीटीओ को 26 क्षतिग्रस्त बसों के मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर बस मालिक तत्काल अपनी बसें नहीं हटाते हैं तो प्रशासन उन बसों की नीलामी करेगा और बस मालिकों से जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही बसों का परमिट रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी। बैठक में बुडको के संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया।



# झारखंड में 6 महीने से नहीं है कांग्रेस की प्रदेश कमेटी

### सभी प्रमंडल में जा कर प्रदेश प्रभारी कर रहे हैं बैठक

**रांची।** झारखंड कांग्रेस पिछले छह महीनों से बिना प्रदेश कार्यसमिति के चल रही है। 16 अगस्त 2024 को केशव महतो कमलेश को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PCC) पूरी तरह से वन मैन टीम बनी हुई है। उपाध्यक्ष, महासचिव और सह-सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद अभी तक खाली पड़े हैं, जिससे संगठन की मजबूती को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## नए प्रभारी का प्रमंडलीय दौरा जारी

प्रदेश कांग्रेस को मजबूत करने के लिए नए प्रभारी के राजू अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। पार्टी का कहना है कि जनसंख्या के अनुपात के हिसाब से पिछड़ों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों को उचित प्रतिनिधित्व देने की योजना के चलते प्रदेश कमेटी के गठन में देरी हो रही है।

# व्यापार जगत

# टॉप-10 कंपनियों में 7 की वैल्यू 2.10 लाख करोड़ बढ़ी

### टॉप गेनर रिलायंस की 66,985 करोड़ बढ़ी

**मुंबई।** मार्केट वैल्यूएशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 7 की मार्केट वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 2.10 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है। इस दौरान देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड टॉप गेनर रही। कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 66,985 करोड़ रुपए बढ़कर 16.90 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते कंपनी की वैल्यूएशन 38,026 करोड़ रुपए गिरकर 16.23 लाख करोड़ रुपए पर आ गई थी।



## एयरटेल और ICICI बैंक के शेयरों की ज्यादा खरीदारी

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) की वैल्यू 46,094 करोड़ बढ़कर 13.07 लाख करोड़, SBI की 39,715 करोड़ बढ़कर 6.54 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इनके अलावा, एयरटेल, ITC, ICICI बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर (HUL) के शेयरों की ज्यादा खरीदारी हुई है।

## HDFC की वैल्यू 31,833 करोड़ गिरी

HDFC बैंक का मार्केट कैप 31,833 करोड़ रुपए कम होकर 12.93 लाख करोड़ पर आ गया है। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस की वैल्यू 8,536 करोड़ रुपए और इंफोसिस 955 करोड़ कम हुई है।

## इस हफ्ते 1134 अंक चढ़ा सेंसेक्स

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (7 मार्च) को सेंसेक्स 7 अंक गिरकर 74,332 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 7 अंक की तेजी रही, ये 22,552 पर बंद हुआ था। रिलायंस में 3%, टाटा मोटर्स में 1.28% और नेस्ले इंडिया के शेयर में 0.92% की तेजी रही। इंडसइंड बैंक में 3.71%, जोमैटो में 3.64% और NTPC में 2.29% की गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी मीडिया में 1.83%, ऑयल एंड गैस में 0.55% और निफ्टी ऑटो में 0.24% की तेजी रही जबकि निफ्टी IT में 0.85%, निफ्टी रियल्टी में 1.19% और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.02% की गिरावट रही। बाजार इस हफ्ते 1134 अंक चढ़ा है।

# ई-श्रम पोर्टल से जुड़ें प्लेटफॉर्म श्रमिक



### आयुष्मान भारत योजना का मिलेगा लाभ

**एजेंसी । नई दिल्ली**

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने प्लेटफॉर्म श्रमिकों से ई-श्रम पोर्टल पर जल्द से जल्द स्वयं पंजीकरण कराने की अपील की है, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना (AB-PMJAY) का लाभ मिल सके।

नीति आयोग के अनुसार, 2024-25 तक गिग अर्थव्यवस्था में 1 करोड़ से अधिक श्रमिक होंगे, और यह संख्या 2029-30 तक 2.35 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसमें राइडशेयरिंग, डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और पेशेवर सेवाएं जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

# कैट और एडीएसईआई मिलकर एक साल में 5 लाख महिलाओं को बनाएंगे सशक्त

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसईआई) ने अगले एक साल में 5 लाख महिला उद्यमियों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। यह घोषणा कैट के महासचिव और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन के दौरान की। इस भव्य आयोजन में 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया, जिनमें अधिकांश साधारण परिवारों से थीं। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया।



## महिला उद्यमिता को मिलेगी नई ऊर्जा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैट और एडीएसईआई की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। यह सम्मेलन महिला व्यापारियों और उद्यमियों को एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी इस मौके पर महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को लेकर अपनी बात रखी और उन पुरुषों की सराहना की जो महिलाओं के वित्तीय स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान के लिए प्रयासरत हैं।

# मारुति सुजुकी और हीरो फिनकॉर्प के बीच वाहन ऋण को लेकर साझेदारी

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी कार निर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (MSIL) ने हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत नए और पुराने वाहनों के लिए कस्टमाइज्ड फाइनेंसिंग सॉल्यूशंस की पेशकश की जाएगी, जिससे कार खरीदना और भी सुलभ होगा।




## समझौते की प्रमुख बातें

मारुति सुजुकी के डीलर नेटवर्क और हीरो फिनकॉर्प के अनुकूलित ऋण समाधान का संयुक्त लाभ मिलेगा। ग्राहकों को सुविधाजनक और पारदर्शी वाहन लोन विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे। नई और पुरानी दोनों कारों के लिए फाइनेंसिंग की सुविधा दी जाएगी। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान मारुति सुजुकी की ओर से वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (मार्केटिंग और सेल्स) पार्थो बनर्जी, एलाइड बिजनेस के उपाध्यक्ष कमल महता, मारुति सुजुकी फाइनेंस एंड ड्राइविंग स्कूल के महाप्रबंधक विशाल शर्मा मौजूद रहे। वहीं, हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड की ओर से एमडी और सीईओ अभिमन्यु मुंजाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# खाद्य तेलों के दाम में सुधार

### आयात घटने और त्योहारी मांग का असर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को खाद्य तेल-तिलहनों के दाम मजबूती के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों के मुताबिक, फरवरी में खाद्य तेलों का आयात घटने, मंडियों में आवक कम होने और होली-रमजान जैसे त्योहारों की मांग बढ़ने से तेल-तिलहनों की कीमतों में तेजी देखी गई।

## खाद्य तेलों के दाम क्यों बढ़े?



सीपीओ, पामोलीन और सूरजमुखी तेल की ऊंची कीमतों के कारण फरवरी में इनका आयात कम हुआ। होली और रमजान को देखते हुए बाजार में खाद्य तेलों की मांग बढ़ी है। एमएसपी से कम दाम पर बिकवाली से बचने के कारण किसान बिनौला, सोयाबीन जैसी फसलों का स्टॉक रोक रहे हैं।

## भारत ने बधिर टी-20 त्रिकोणीय सीरीज जीती




**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत ने बधिर टी-20 त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज जीत ली है। उसने शनिवार को यहां करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हरा दिया। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने किया था जिसमें दक्षिण अफ्रीका भाग लेने वाली तीसरी टीम थी। भारत के कुलदीप सिंह ने फाइनल में पांच विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा उन्हें सीरीज का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। भारत के ही अभिषेक सिंह को सीरीज का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया।

## मेदवेदेव तीसरे दौर में, शीर्ष वरीय ज्वेरेव बाहर

**एजेंसी । इंडियन वेल्स**



रूस के दानिल मेदवेदेव इंडियन वेल्स मास्टर्स में पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। हालांकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को दूसरे दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। पांचवीं वरीयता वाले मेदवेदेव ने शुक्रवार रात खेले गए मुकाबले में चीन के वाई बू को लगातार सेट में 6-2, 6-2 से शिकस्त दे दी। दूसरी ओर, नीदरलैंड्स के टालोन ग्रीकस्पूर ने ज्वेरेव को 4-6, 7-6 (5), 7-6 (4) से पराजित कर दिया। इनके अलावा होल्गर रूने ने भी दूसरे दौर में जीत दर्ज की। इनके अलावा महिला एकल में दूसरी वरीय इगा स्वियातेक, जेसिका पेगुला, एलिना स्वितोलिना सहित प्रमुख वरीय खिलाड़ी भी तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं। इगा ने कैरोलिन गार्सिया को हराया जबकि स्वितोलिना ने एशलिन क्रूगर को बाहर का रास्ता दिखाया।

## महिला दिवस पर रॉयल्स ने लांच की 'पिंक प्रॉमिस जर्सी




**एजेंसी । जयपुर**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को राजस्थान रॉयल्स ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक मई को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए 'पिंक प्रॉमिस जर्सी लांच की। राजस्थान रॉयल्स फाउंडेशन (आरआरएफ) ने महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल को बढ़ावा देने के लिए 'औरत है तो भारत है नामक अभियान फिल्म लॉन्च की। रॉयल्स की टीम राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण परिवर्तन के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए खरीदे गए हर टिकट के लिए 100 रुपये का योगदान भी करेंगे। इस विशेष 'ऑल-पिंक रॉयल्स जर्सी की बिक्री से होने वाली राशि सीधे आरआरएफ को इसके सामाजिक प्रभाव पहल का समर्थन करने के लिए जाएगी।

**चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल**

# 25 साल बाद फिर भिड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड

## 2000 में न्यूजीलैंड ने टाइटल जीता, टीम इंडिया को 63% ICC मैच हराए

**एजेंसी । दुबई**

भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद फिर एक बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भिड़ने वाले हैं। दोनों 9 मार्च को दुबई में खिताबी मुकाबला खेलेंगे। इससे पहले 2000 में नैरोबी के मैदान पर हुआ फाइनल न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवर में 4 विकेट से जीता था। ICC टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने ही भारत को सबसे ज्यादा परेशान किया है। टीम भारत को 2019 वनडे वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल और 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी हरा चुकी है।




### चैंपियंस ट्रॉफी में तीसरी बार ही भिड़ेंगे

27 साल के चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास में दोनों टीमें तीसरी बार भिड़ेंगी। इसी साल ग्रुप स्टेज में भी दोनों का सामना हुआ, तब भारत ने दुबई के ही मैदान पर न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया था। अब 9 मार्च को फिर एक बार दोनों का सामना दुबई के मैदान पर ही होगा।

### क्रिस कैर्न्स के शतक से जीता था न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के पास लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट का इकलौता ICC टाइटल चैंपियंस ट्रॉफी ही है। साल 2000 में भारत ने केन्या, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे और पाकिस्तान को हराया। नैरोबी के मैदान पर फाइनल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। भारत से कप्तान सौरव गांगुली ने 117 और सचिन तेंदुलकर ने 69 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई और बैटर कुछ खास नहीं कर सका और टीम 6 विकेट खोकर 264 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 132 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां क्रिस कैर्न्स ने क्रिस हैरिस के साथ पारी संभाल ली। दोनों ने छठे विकेट के लिए 122 रन की पार्टनरशिप की और भारत को मैच से बाहर कर दिया। कैर्न्स ने शतक लगाया और 2 गेंदे बाकी रहते टीम को जीत दिला दी। कैर्न्स ही प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।

### ICC में अब तक 16 मैच खेले हैं दोनों ने

ICC के सभी टूर्नामेंट में भारत और न्यूजीलैंड के बीच 16 मैच हुए। 10 में न्यूजीलैंड और महज 6 में टीम इंडिया को जीत मिली। हालांकि ICC के वनडे टूर्नामेंट में दोनों ने बराबरी के मैच ही जीते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी और वनडे वर्ल्ड कप में दोनों के बीच 12 मैच हुए, 6 में न्यूजीलैंड और 6 में ही भारत को जीत मिली।

### नॉकआउट स्टेज में न्यूजीलैंड 75% मैच जीता

भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड ICC के ग्रुप स्टेज मैचों में तो हावी रहता ही है, नॉकआउट स्टेज में भी दबदबा दिखाता है। दोनों के बीच 4 नॉकआउट मैच हुए, 3 में न्यूजीलैंड और महज 1 में भारत को जीत मिली। 2023 से पहले तक तो न्यूजीलैंड ने भारत को तीनों नॉकआउट मैच हराए थे। ये हार 2000 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल, 2019 के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल और 2021 के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में मिली थी। 2023 के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत ने इस ट्रेंड को तोड़ा और न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा दिया।

### न्यूजीलैंड को 66% वनडे हरा चुका है भारत

ओवरऑल वनडे क्रिकेट में जरूर टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड पर दबदबा बनाए रखा है। दोनों के बीच 95 मैच हुए, 63 में भारत और महज 30 में न्यूजीलैंड को जीत मिली। यानी भारत का सक्सेस रेट 66% रहा। दोनों ने 1 टाई और 1 बेनतीजा मैच भी खेला। भारत ने पिछले 10 साल में न्यूजीलैंड पर और भी ज्यादा दबदबा बना लिया है। 2016 से दोनों के बीच 20 वनडे हुए, 17 में भारत और महज 3 में न्यूजीलैंड को जीत मिली। हालांकि, न्यूजीलैंड की 3 में से एक जीत ICC टूर्नामेंट के नॉकआउट स्टेज में आई।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ कोहली के 6 शतक

भारत से विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एक्टिव प्लेयर हैं। उन्होंने कीवी टीम के खिलाफ 32 वनडे में 6 शतक लगाकर 1656 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ 997 रन बना चुके हैं। वहीं शुभमन गिल ने 11 ही मैचों में 74 की औसत 592 रन बनाए हैं। मोहम्मद शमी न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एक्टिव भारतीय प्लेयर हैं। उनके नाम 15 वनडे में 37 विकेट हैं। शमी ने ही 2023 के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में टीम के खिलाफ 7 विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ कुलदीप यादव 22 और हार्दिक पंड्या 16 विकेट ले चुके हैं।

### भारत को बहुत परेशान करते हैं मैट हेनरी

केन विलियमसन भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एक्टिव कीवी बैटर हैं। उन्होंने 30 वनडे में 1 शतक लगाकर 1228 रन बनाए हैं। मैट हेनरी 21 विकेट लेकर टॉप गेंदबाज हैं। उन्होंने पिछले मैच में 5 विकेट भी लिए थे।

### दो WTC फाइनल भी खेल चुके 'हिटमैन'

वहीं, रोहित ने 2021 में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के फाइनल में न्यूजीलैंड के सामने 34 और 30 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 15 और 43 रन जोड़े। भारत को दोनों डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार मिली। 'हिटमैन' ने 2023 डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की कप्तानी की थी। उन्होंने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में 31 गेंदों में 47 रनों का योगदान दिया।




### क्या रोहित शर्मा मिटा पाएंगे 'कलंक'?

अगले महीने 38 साल के होने जा रहे रोहित अब चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पचास प्लस स्कोर के 'कलंक' को मिटाने की फिराक में होंगे। बता दें कि रोहित 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने तब पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में 16 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाए थे। 'हिटमैन' ने 2013 में इंग्लैंड के विरुद्ध चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में 14 गेंदों में 9 रन जोड़े थे। उन्होंने 2014 में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में श्रीलंक के सामने 26 गेंदों में 29 रन बटोरे। वह 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ चैपियंस ट्रॉफी के फाइनल में शून्य पर पवेलियन लौटे थे।

### दोनों टीमों का टूर्नामेंट में सफर

**भारत ने शुरुआती दोनों मैच 6 विकेट से जीते**

टीम इंडिया ने 20 फरवरी को अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ मैच से की। बांग्लादेश पहले खेलते हुए 228 रन ही बना सका। भारत ने शुभमन गिल की सेंचुरी के दम पर 47वें ओवर में मैच जीत लिया। भारत ने दूसरा मैच 23 मार्च को पाकिस्तान के खिलाफ खेला। पाकिस्तान पहले खेलते हुए 241 रन ही बना सका। भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर 43वें ओवर में ही मैच जीत लिया। कोहली ही प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।

**न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहला मैच हराया**

न्यूजीलैंड ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ ओपनिंग मैच में ही की। टॉम लैथम के शतक के दम पर टीम ने 5 विकेट खोकर 320 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान 260 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। कीवी टीम का दूसरा मैच रावलपिंडी में बांग्लादेश से हुआ। बांग्लादेश ने 9 विकेट खोकर 236 रन बनाए। माइकल ब्रेसवेल ने महज 26 रन देकर 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र के शतक के दम पर 47वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

**स्पेशल इन्फो**

**न्यूजीलैंड को ग्रुप स्टेज में हरा चुका है भारत**

भारत और न्यूजीलैंड दूसरी बार इस चैंपियंस ट्रॉफी में भिड़ेंगे। इससे पहले 2 मार्च को दुबई में दोनों का सामना हुआ। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 249 रन बनाए। 250 रन के टारगेट के सामने धीमी पिच पर न्यूजीलैंड से केन विलियमसन ने 81 रन बनाए। उन्हें दूसरे एंड से किसी भी बैटर का साथ नहीं मिला। टीम 45.3 ओवर में 205 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

### चैंपियंस ट्रॉफी डायरी

## ग्रुप चरण में भारत से मिली हार से बहुत कुछ सीखा है : यंग

**एजेंसी । दुबई**




भारत के हाथों ग्रुप चरण में मिली हार से अविचलित न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग को उम्मीद है कि उनकी टीम फाइनल में रोहित शर्मा की टीम की कमजोरियों का फायदा उठा सकेगी। यंग ने कॉन्वे और रचिन के साथ टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी है। उन्होंने कहा, हम ग्रुप चरण की हार से काफी कुछ सीखे हैं। खासकर एक बल्लेबाज के तौर पर मैंने, लेकिन गेंदबाजों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को और उनके खेलने के तरीके को देखा।

उन्होंने कहा, उनके खेलने की शैली को देखा और इन हालात में वह किस तरह खेलेंगे, इसे भी समझा। हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड ने बहुत अच्छे मुकाबले खेले हैं जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और 2023 विश्व कप सेमीफाइनल शामिल है। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैच के दिन अतीत की बातें मायने नहीं रखती। हम चुनौतियों का सामना करने की कोशिश करेंगे और उम्मीद है कि दबाव का सफलता से सामना कर पाएंगे।

## भारत प्रबल दावेदार पर न्यूजीलैंड भी बहुत मजबूत : शास्त्री

**एजेंसी । दुबई**



भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भारत को प्रबल दावेदार बताया है लेकिन कहा कि फायदा ज्यादा नहीं होगा क्योंकि न्यूजीलैंड काफी मजबूत टीम है। उन्होंने द आईसीसी रिव्यू में कहा, अगर भारत को कोई टीम हरा सकती है तो वह न्यूजीलैंड है। भारत प्रबल दावेदार है लेकिन बहुत ज्यादा फायदा नहीं है। उन्होंने रचिन को बेहद प्रतिभाशाली करार दिया जबकि विलियम्सन की स्थिरता और संत जैसे शांत स्वभाव की तारीफ की। उन्होंने कप्तान मिचेल सेंटनर को बुद्धिमान कप्तान और ग्लेन फिलिप्स को टीम का एक्स फैक्टर कहा। शास्त्री ने कोहली के मौजूदा फॉर्म को गेम चेंजर करार दिया जबकि निर्णायक क्षणों में अच्छे प्रदर्शन के लिए विलियम्सन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, कोहली के मौजूदा फॉर्म की बात करें तो अगर ऐसे खिलाड़ियों को शुरुआती दस रन बना लेने दें तो बाद में वे लंबा खेलते हैं। विलियम्सन हों या कोहली। न्यूजीलैंड के लिए मैं कहूंगा विलियम्सन। कुछ हद तक रचिन भी जो शानदार युवा खिलाड़ी है।

### मुंबई के मैदानों से


## ईशप्रीत सिंह चड्ढा का ऐतिहासिक प्रदर्शन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

सीसीआई स्थित विल्सन जोन्स बिलियड्र्स हॉल में खेले जा रहे अखिल भारतीय सीसीआई स्नूकर क्लासिक प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में मुंबई के पूर्व राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियन ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 147 अंकों का ब्रेक लगाया और ऐसा गौरव हासिल करने वाले वे तीसरे भारतीय हैं। अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने रेलवे के दिलीप कुमार को नौ में से एक भी फ्रेम न जीतने का मौका देते हुए बड़ी आसानी से 70-36, 83(69)-47), 92(92)-1, 147(147)-0, 83-2 से हरा दिया। इसके अलावा अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में रेलवे के फैजल खान ने ब्रिजेश दामानी को 58-49, 63-9, 117(60)-9, 77-56, 98(97) से, कमल चावला ने हसन बदामी को 76-77, 63-49, 62-27, 56-8, 66-7, 71(53)-51 से और पंकजत अडवाणी ने रेलवे के मलकीत सिंह को 61-8, 85(85)-0, 76(63)-23, 33-77, 61-7, 84(84) से पराजित किया और सेमीफाइनल का सफर तय किया।

## फिर साथ आएगी 'तनु वेड्स मनु' की जोड़ी

फिल्म 'तनु वेड्स मनु' की सुपरहिट जोड़ी कंगना रनौत और आर माधवन एक बार फिर एक साथ आ रहे हैं। दोनों की नई फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो गई है। जिसकी जानकारी अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करके दी है। हालांकि, फिल्म के टाइटल का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग के खत्म होने के बाद कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में कंगना भीगी नजर आ रही हैं और उनके साथ निर्देशक विजय और बाकी के सदस्य पोज दे रहे हैं। तस्वीर में कंगना काफी खुश नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, "मेरे कुछ पसंदीदा कलाकारों के साथ आज अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग पूरी की। मिलते हैं सिनेमाघरों में।"



### माधवन ने भी जताई खुशी

आर माधवन ने भी कंगना की पोस्ट को रि-शेयर किया और फिल्म की शूटिंग पर अपनी खुशी जाहिर की। फोटो शेयर करते हुए माधवन ने लिखा, "बधाई हो, इसे फिल्माने में भी बहुत मजा आया। बहुत ही प्यारी यूनिट और शानदार टीम।" कंगना को मेंशन करते हुए माधवन ने कहा कि हमेशा की तरह कमाल कर दिया।



## रशिमका मंदाना ने रचा इतिहास

दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री रशिमका मंदाना ने इतिहास रच दिया है। वह अब एकमात्र ऐसी अभिनेत्री बन गई हैं, जिनकी तीन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'छावा' ने इस प्रतिष्ठित क्लब में अपनी जगह बनाई है।

### 'छावा' बनी 500 करोड़ी

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी 'छावा' 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने तब से ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। यह ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म अपनी शुरुआत से ही लोगों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हासिल कर रही है। महज 23 दिनों मे यह फिल्म 500 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो चुकी है। रशिमका पिछली दो फिल्में 'एनिमल' और 'पुष्पा 2: द रूल' भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में कामयाब रही थी। इस उपलब्धि के साथ, रशिमका ने कई दिग्गज अभिनेत्रियों को पीछे छोड़ दिया है। दीपिका पादुकोण, नयनतारा और श्रद्धा कपूर जैसी अभिनेत्रियों के पास इस क्लब में केवल एक-एक फिल्म है।

## सोनाक्षी सिन्हा का नया अवतार

सोनाक्षी सिन्हा आखिरी बार फिल्म 'काकुड़ा' में नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ साकिब सलीम और रितेश देशमुख थे। अब वह तेलुगू सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। अपनी पहली तेलुगू फिल्म 'जटाधारा' में सोनाक्षी साउथ स्टार सुधीर बाबू के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर उनकी मौजूदगी की आधिकारिक पुष्टि हो गई है। इसके साथ ही फिल्म से उनका पहला लुक भी सामने आया है। जी स्टूडियोज ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, "इस महिला दिवस पर 'जटाधारा' में शक्ति और उसकी किरण जगमगा रही है। सोनाक्षी सिन्हा का स्वागत है।"



### दमदार और गंभीर अवतार में नजर आ रही हैं सोनाक्षी

पोस्टर में सोनाक्षी एक दमदार और गंभीर अवतार में नजर आ रही हैं। गहरे काजल से सजी आंखें, लाल बिंदी, माथे पर तिलक और पारंपरिक गहनों से उनका लुक काफी प्रभावशाली लग रहा है। खुले बालों के साथ, उन्होंने अपने चेहरे का एक हिस्सा अंगूठियों और लंबे नाखूनों से सजे हाथ से ढका हुआ है, जो उनके उग्र रूप को और भी खास बना रहा है। इस पोस्टर ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। इस सस्पेंस ड्रामा में सोनाक्षी सिन्हा को देखने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की बात करें तो इसकी शूटिंग 14 फरवरी से हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा के साथ सुधीर बाबू, शिल्पा सिरोड़कर, शिविन नारंग और रैना अंजली जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### देश निर्माण के लिए 100 फीसदी महिला साक्षरता जरूरी : लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारत की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने शासन, विज्ञान, रक्षा, शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व पर जोर दिया। बिरला शनिवार को संसद भवन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ने इस दौरान निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं की बढ़ती मौजूदगी की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है और महिलाएं जमीनी स्तर के लोकतंत्र से राष्ट्रीय शासन तक बदलाव ला रही हैं। भारतीय लोकतंत्र के ढांचे में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बिरला ने संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों को श्रद्धांजलि दी।

### समुद्री खनन प्रस्ताव के खिलाफ कांग्रेस ने नाव पर किया विरोध प्रदर्शन

**अलप्पुझा।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार के गहरे समुद्री खनन के प्रस्ताव के खिलाफ अलप्पुझा जिले के तट से दूर नाव पर जाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने किया और इसमें बड़ी संख्या में मछुआरे, कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इन प्रदर्शनकारियों का मानना है कि इससे मछुआरों की आजीविका को नुकसान हो सकता है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और उसके फैसले के खिलाफ नारे लगाते हुए समुद्र में 15 समुद्री मील की यात्रा की। कांग्रेस ने इसका वीडियो भी साझा किया है। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वेणुगोपाल ने केंद्र सरकार के समुद्र में गहराई से खनन के प्रस्ताव को पूरी तरह से रद्द करने की मांग की।

### भारत में गर्मी से होने वाली मौतों की संख्या वास्तविकता से कम

**नई दिल्ली।** भारत में पुख्ता आंकड़ों की कमी के कारण गर्मी से होने वाली कम मौतें दर्ज हो रही हैं। हालांकि, अब सरकार गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का अध्ययन करने के तरीकों में सुधार पर जोर दे रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने यह दावा किया है। टीईआरआई की विश्व सतत विकास सम्मेलन से इतर पीटीआई से बातचीत में सौम्या ने गर्मियों से पहले उसके दुष्प्रभावों की ट्रैकिंग की व्यवस्था में सुधार की बात कही।

## महिला दिवस पर महिलाओं को तोहफा

# दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू



- हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये
- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की घोषणा
- सरकार ने आवंटित किए 5100 करोड़ रुपए


**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली कैबिनेट ने महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का आवंटन मंजूर किया है। जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये मिलेंगे। इसका एलान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को किया।



आज महिला दिवस है और आज हमने कैबिनेट की बैठक की। कैबिनेट बैठक में इस योजना को मंजूरी दे दी गई। दिल्ली चुनाव के दौरान हमने महिलाओं को 2500 रुपये देने का किया था। हमने इस योजना के कार्यान्वयन के लिए दिल्ली के बजट में 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना का सही ढंग से संचालन करने के लिए हमने समिति बनाई है। इस समिति का नेतृत्व मैं खुद करूंगी।

रेखा गुप्ता, सीएम



यह बीजेपी का चुनावी वादा है। अगर वो इसे पूरा करते हैं तो हम इसका स्वागत करते हैं, लेकिन इस पर खर्च होने वाले पैसे की भरपाई कैसे होगी। बीजेपी 18 साल से ऊपर की महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने की बात कह रही है। दिल्ली में 72 लाख वोटर हैं, अगर 2500 से गुणा करें तो एक साल में 21,600 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ेंगे, जबकि दिल्ली का पूरा बजट 37000 करोड़ का है।

संदीप दीक्षित, कांग्रेस नेता

### जिस देश में नारी का सम्मान नहीं, वो देश नहीं बढ़ सकता आगे

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मैं कहता हूं कि जिस घर में नारी का सम्मान नहीं है, वो घर आगे बढ़ नहीं सकता। जिस देश में नारी का सम्मान नहीं है, वो देश आगे नहीं बढ़ सकता। नरेंद्र मोदी ने इस बात को समझा और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया।

### हमारी सरकार का फोकस

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज हमारी सरकार का फोकस वीमेन लेड डेवलपमेंट पर है। प्रधानमंत्री मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब नारीशक्ति का विकास होता है, तो दुनिया का विकास होता है। इसलिए नारीशक्ति को भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा मूलरुप में मानकर आगे चला है।

### सीएम ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर कसा तंज

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा के दिल्ली महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केवल भाजपा में ही महिलाओं का सम्मान होता है। कांग्रेस काल में जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं तो उस समय उनके अलावा

### महिलाओं के योगदान से बनी भाजपा की सरकार

नड्डा ने कहा कि दिल्ली में यदि महिला का साथ न मिलता तो दिल्ली में जीत संभव नहीं हो सकता है। महिला दिवस पर महिला सशक्ति को नमन करता हूं और दिल्ली की महिलाओं को नमन करते हुए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान किया है। ये जीत महिलाओं के आशीर्वाद और सहयोग से ही संभव हो पाया है।



# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

**एजेंसी । इंफाल**

मणिपुर में करीब दो साल बाद कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट बहाल होते ही हिंसा भड़क उठी। शनिवार को जैसे ही इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर बसों का संचालन शुरू हुआ, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध किया।

### फ्री ट्रैफिक मूवमेंट का कुकी समुदाय ने किया विरोध

### प्रदर्शनकारियों ने किया हिंसक विरोध

सड़कों पर पत्थर और कटे हुए पेड़ डालकर रास्ते बंद किए। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर यातायात बाधित किया। बसों और कारों को आग के हवाले कर दिया।

### हिंसा में 1 की मौत, 16 घायल

प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कुछ घायलों के शरीर पर पैलेट गन के छर्रों के निशान भी देखे गए हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### सुरक्षा बढ़ाई गई

सरकारी बसों को CRPF और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में चलाया जा रहा है। रेड जोन वाले इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

# सोने की तस्करी मामले में सीबीआई जांच शुरू

### अभिनेत्री रान्या राव पर भी शिकंजा संभव





**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) की सूचना के आधार पर अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी रैकेट की जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की संलिप्तता की भी जांच कर रही है, जिन पर 12.5 करोड़ रुपये मूल्य के 14.2 किलोग्राम सोना तस्करी करने का आरोप है। उन्हें 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था।

### CBI की जांच और संभावित कार्रवाई

अधिकारियों के मुताबिक, CBI ने पहले ही दो टीमें बेंगलुरु और मुंबई भेज दी हैं। जांच एजेंसी कस्टम, पुलिस और हवाई अड्डों पर तैनात अधिकारियों सहित सरकारी कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच करेगी। इसके अलावा, देशभर में सक्रिय सोना तस्करी नेटवर्क का भी पता लगाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, रान्या राव की लगातार दुबई यात्राएं जांच के दायरे में हैं। पिछले छह महीनों में वह 27 बार दुबई जा चुकी हैं और अक्सर बेंगलुरु एयरपोर्ट के वीआईपी चैनलों का इस्तेमाल करती थीं।

# हम्पी में इजराइली महिला और होम-स्टे ओनर से सामूहिक दुष्कर्म

**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक के प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस हम्पी में 6 मार्च की रात एक इजराइली महिला पर्यटक और एक होम-स्टे ओनर के साथ तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। वारदात तुंगभद्रा नहर के किनारे हुई, जहां पीड़ित महिलाएं अपने तीन अन्य टूरिस्ट साथियों के साथ बैठी थीं। आरोपियों ने पहले तीनों पुरुषों को नहर में धक्का दिया, जिसमें ओडिशा निवासी बिबास की डूबकर मौत हो गई, जबकि बाकी दो तैरकर बच निकले।




### कैसे हुई वारदात?

डिनर के बाद सभी तुंगभद्रा नहर के किनारे संगीत के साथ तारों को देखने गए थे। बाइक सवार 3 लोग वहां पहुंचे और पहले पेट्रोल के बारे में पूछा, फिर इजराइली महिला से 100 रुपये मांगने लगे। जब पर्यटकों ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने हमला कर दिया और तीनों पुरुषों को नहर में फेंक दिया। इसके बाद दोनों महिलाओं के साथ गैंगरेप किया और वहां से फरार हो गए।

### बचाव अभियान और जांच


7 मार्च को रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ, लेकिन सफलता नहीं मिली। 8 मार्च की सुबह, बिबास का शव घटनास्थल से दो किमी दूर मिला। FIR दर्ज कर पीड़ितों का मेडिकल टेस्ट कराया गया। कोप्पल के SP आर एल अरासिद्दी के मुताबिक, 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 1 आरोपी की तलाश जारी है। 6 टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई हैं। आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप, लूटपाट और हत्या के प्रयास की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### केआईआईटी यूनिवर्सिटी विवाद

# एक हजार नेपाली छात्र कैंपस लौटे

**एजेंसी । भुवनेश्वर**

ओडिशा की केआईआईटी यूनिवर्सिटी बीटेक छात्रा की कथित आत्महत्या के बाद सुर्खियों में है। इस मामले की जांच फिलहाल नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन और ओडिशा पुलिस कर रही है। इसी बीच यूनिवर्सिटी ने दावा किया है कि घटना के बाद कैंपस छोड़ चुके 1100 नेपाली छात्रों में से 1000 से अधिक वापस लौट आए हैं। यह दावा तब आया जब राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने विधानसभा में बताया कि कैंपस में शिक्षा का माहौल बनाए रखने के लिए प्रोफेसरों की एक समिति बनाई गई है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि बाकी 100 छात्र भी जल्द लौटने वाले हैं। 16 फरवरी को नेपाली छात्रा प्रकृति लामसाल (20) ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद नेपाली छात्रों ने न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ मारपीट हुई और उन्हें जबरन परिसर से निकाल दिया गया।




# प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद एयरपोर्ट से बिजनेस जेट किया जब्त

**एजेंसी । हैदराबाद**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त की। सूत्रों के मुताबिक ईडी हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) के CMD अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज FIR से जुड़ा है। प्रमोटरों पर निवेशकों से 850 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप है।



- प्रमोटरों पर 850 करोड़ रुपए ठगी का आरोप
- 22 जनवरी को इसी प्लेन से विदेश भागे

### 7 मार्च को एयरपोर्ट पर आया जेट

- सूत्रों ने बताया कि फाल्कन ग्रुप का सीएमडी अमरदीप कुमार इसी जेट का इस्तेमाल करके देश से भागा है। ईडी के हैदराबाद ऑफिस ने पाया कि कुमार की एक कंपनी के स्वामित्व वाला 8-सीटर बिजनेस जेट (N935H हॉकर 800A) राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 7 मार्च को उतरा।

### ईडी ने चालक दल से पूछताछ की

- ईडी के अधिकारियों ने 2024 में करीब 14 करोड़ रुपए में खरीदे गए जेट की तलाशी ली। अफसरों ने वहां मौजूद चालक दल और कुमार के करीबी सहयोगियों के बयान भी दर्ज किए। इसके बाद प्रेस्टीज जेट्स इंक नामक कुमार की निजी चार्टर कंपनी के स्वामित्व वाले बिजनेस प्लेन को तलाशी के बाद जब्त कर लिया।

### 22 जनवरी को अमरदीप हुआ था फरार

जांच एजेंसी का मानना है कि जेट को कथित पोंजी योजना के पैसे से खरीदा गया था। ईडी ने सीमा शुल्क विभाग से जेट की आवाजाही के बारे में जानकारी मांगी थी। जिसके बाद पता चला कि कुमार एक अन्य व्यक्ति के साथ 22 जनवरी को उक्त विमान में सवार होकर देश से बाहर चला गया है। हालांकि कंपनी के उपाध्यक्ष और निदेशक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# इंडिया गठबंधन के छात्र संगठनों का देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ इंडिया गठबंधन के छात्र संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में हुई संयुक्त प्रेस वार्ता में एनएसयूआई, आइसा, एसएफआई, एआईएसएफ, एमएसएफ, समाजवादी छात्रसभा और सीआरजेडी सहित कई संगठनों ने सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों पर हमला बोला और देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की।

17 से 22 मार्च तक पूरे देश में विरोध प्रदर्शन होंगे। 24 मार्च को सुबह 11 बजे जंतर-मंतर पर बड़ा विरोध मार्च निकाला जाएगा। इसमें शिक्षाविद्, पूर्व यूजीसी अध्यक्ष, इंडिया गठबंधन के नेता, शिक्षक संगठन और छात्र नेता शामिल होंगे। छात्र संगठनों का कहना है कि सरकार की नीतियां शिक्षा प्रणाली के लिए गंभीर खतरा बन गई हैं और इससे भारत के युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। संगठनों ने छात्र अधिकारों की रक्षा और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर भी किए।

# अब भारत के रूस से हथियार खरीदने पर भी अमेरिका को आपत्ति

### अमेरिकी मंत्री की नसीहत

**एजेंसी । वॉशिंगटन/नई दिल्ली**

अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ और हथियार खरीद को लेकर तनातनी बढ़ रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जहां रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कर रहे हैं, वहीं अब अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से रूस से हथियार खरीद बंद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने के लिए जरूरी है। 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में बोलते हुए हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत ऐतिहासिक रूप से रूस से अपने सैन्य उपकरणों की बड़ी मात्रा में खरीद करता रहा है, लेकिन अब इसे खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत को मॉर्डन हथियार देने के लिए तैयार है, जिससे वह रूस पर निर्भरता खत्म कर सकता है।




### BRICS पर भी अमेरिका को आपत्ति

लुटनिक ने भारत की BRICS में मौजूदगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह समूह डॉलर के विकल्प के रूप में वैश्विक मुद्रा बनाने की कोशिश कर रहा है, जिससे अमेरिका-भारत संबंधों को नुकसान हो सकता है। अमेरिका को रूस से भारत के हथियार खरीदने पर पहले से आपत्ति है।

# एमपी में धर्मांतरण कराने वालों को होगी फांसी!

### सीएम मोहन यादव ने दी चेतावनी

**एजेंसी । भोपाल**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ा बयान दिया। मोहन यादव ने कहा जो भी धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से धर्मांतरण कराएंगे उनको भी फांसी देने का प्रबंध हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। डॉ मोहन यादव ने कहा कि मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वाले मामले में सरकार बहुत कठोर है। इसलिए इस संबंध में फांसी का प्रावधान किया गया है।

### अपराधियों के साथ कड़ाई से पेश आएगी सरकार

सीएम मोहन यादव ने कहा कि किसी हालत में भी ना तो धर्मांतरण ना दुराचरण किसी भी प्रकार व्यवस्थाओं के खिलाफ सरकार ने संकल्प दिया है कि समाज के अंदर कुरूतियो को गलत बातों को बढ़ावा कठोरता के साथ पेश आएंगे।

### कांग्रेस विधायक ने साधा निशाना

धर्मांतरण पर फांसी की सजा के सीएम के बयान पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि मोहन यादव को ऐसा कानून लाने से पहले बाबा साहेब के संविधान को बदलना चाहिए। पहले भाजपा के निशाने पर मिशनरी थे, फिर ट्राइबल हुए।

## गुजरात में पीएम मोदी का महिलाओं को बड़ा तोहफा



# पीएम मोदी ने लखपति दीदियों को बांटे 450 करोड़

## 2014 के बाद से 3 करोड़ महिलाएं घर की मालकिन बनीं



### भारत में महिला पायलटों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा

**एजेंसी । नवसारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी में 'लखपति दीदियों' से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने 25,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (SHG) की 2.5 लाख से अधिक महिलाओं को 450 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की। कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने नवसारी में भव्य रोड शो भी किया।

### सशक्तिकरण पर पीएम मोदी का जोर

प्रधानमंत्री ने कहा, "मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है, मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं।" उन्होंने महिलाओं को सम्मान और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों का जिक्र किया।

### तीन तलाक और अनुच्छेद 370 पर बोले

मुस्लिम महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए तीन तलाक कानून लागू किया गया। अनुच्छेद 370 हटने से कश्मीरी महिलाओं को समान अधिकार मिले। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ, मातृत्व अवकाश 12 से 26 हफ्ते किया गया।

### महिला पुलिस के हाथों में सुरक्षा की कमान

कार्यक्रम की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह महिला पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई। 2,165 महिला कांस्टेबल, 187 इंस्पेक्टर, 61 सब-इंस्पेक्टर, 19 डीएसपी और अन्य उच्च अधिकारी सुरक्षा संभाल रही थीं।

### 2,587 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और

पीएम मोदी ने सिलवासा में 450 बिस्तरों वाले नमो अस्पताल का उद्घाटन किया और सायली स्टेडियम से 62 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।